रांची, शुक्रवार, 9 अगस्त 2024
संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष पंचमी मूल्य-2 रुपये
वर्ष-7, अंक 329 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 बड़े जनजातीय नरसंहार के स्मरण का शोक दिवस

कल्कि 2898 एडी ने जवान को पछाड़ा, इस मामले में चौथी भारतीय फिल्म बनी 6


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## मुख्य आकर्षण

- रीझ रंग शोभा यात्रा
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- झारखण्ड की चित्रकला शैलियां
- आदिवासी पुस्तक मेला
- आदिवासी कवि सम्मेलन
- वृत्तचित्र स्क्रीनिंग
- कला-शिल्प प्रदर्शनी
- परिधान फैशन शो
- खान-पान
- लेजर शो

उद्घाटन समारोह



# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024

मुख्य अतिथि
**श्री संतोष कुमार गंगवार**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति
सह सांसद, राज्यसभा

अध्यक्षता
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड


तथा

माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण,
माननीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों
की गरिमामयी उपस्थिति में


**शुक्रवार 9 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से**

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, जेल चौक,
रांची में आयोजित है

**समारोह में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है**



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 332291(IPRD )24-25

न्यूज ब्रीफ



## हिण्डाल्को ग्राउंड में फुटबॉल प्रीमियर लीग का उद्घाटन

**मुरी:** कंपनी विजनेस हेड सौरभ खेडेकर ने फुटबॉल प्रीमियर लीग का भव्य उद्घाटन किया। इसमें कुल 11 टीमों ने भाग लिया। सौरभ खेडेकर ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हुए परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रेरणादायक शब्द बोले। लीग के आयोजन पर सौरभ खेडेकर ने कहा कि हिण्डाल्को कर्मचारियों एवं उसके परिवार के लिए महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर बताया , प्रतियोगिता न केवल खेल के प्रति अवसर को बढ़ावा देगी बल्कि टीम स्प्रीट और एकता को बढ़ावा देगी। सफल आयोजन के उम्मीद के साथ शुभकामनाएं देते हुए खेल कूद के माध्यम से स्वस्थ भावना प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने की आशा करते हैं। इस आयोजन में ग्रुप ए में सोकर किंग्स मुरी, युनाइटेड हिण्डाल्को एफ सी ,गोल्डन ईगल एफसी,ईलाट इलेवन और ग्रुप बी में मुरी अल्युमीना वारियर्स,मुरी सोकर हीरो,स्टाइकरस एफ सी,व्हाइट स्टोन एफसी के सभी खिलाड़ी मैदान में एक साथ उपस्थित थे। जिसमे पहले खेल में ईलाट इलेवन ने एक गोल से मैच जीता। इस आयोजन में प्लांट हेड रोहित चौरसिया,एच आर हेड अरूण राय,सीएसआर अनिल कुमार सिंह समेत हिण्डाल्को के लोग एवं अन्य दर्शक मौजूद थे। इस आयोजन का सभी लोगों ने भरपूर आनंद उठाया।

## निर्मल महतो की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**मुरी:** वीर शहीद निर्मल महतो की पुण्य तिथि पर कोचों पंचायत सुंडील गांव में माल्यार्पण जिला परिषद सिल्ली पूर्वी के लक्ष्मी कुमारी ने किया । साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्मल महतो के आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर संतोष महली, अखिलेश कुम्हार, संजय महतो, शिवचरण महतो, मधु दा,मोसाद मोमिन, रंजीत महतो, जगतपाल महतो धनेश्वर महतो, कर्ण महतो व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मईयां सम्मान योजना के आवेदन का वितरण



**मुरी:** सिल्ली प्रखंड के गोडाडीह बाजार टांड में शिविर लगाकर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आवेदन पत्र सेंकड़ों महिलाओं को मुहैया कराया गया। आवेदन वितरण में झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया, झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, रांची जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गोकुल चंद्र महतो,रांची जिला उपाध्यक्ष युवा फल्हारी महतो, सिल्ली प्रखंड संयुक्त सचिव अजित कुमार महतो,गोडाडीह पंचायत अध्यक्ष भंदु सिंह नायक, पंचायत प्रभारी दिलीप कुमार महतो, मोहर्रम मोमिन व झामुमो कार्यकर्ताओ ने सहयोग किया।

## दिवंगत प्रदीप साहु के परिवार से मिले विधायक सुदेश महतो



**मुरी:** विधायक सुदेश कुमार महतो ने दिवंगत प्रदीप साहु के शोकाकुल परिवार से मिले और ढांढस बंधाया। प्रदीप साहु प्रमोद साहु के छोटे भाई थे। उनका हार्ट अटैक से निधन हो गया था।

# जेके इंटरनेशनल स्कूल में मना विश्व आदिवासी दिवस

### छोटे- छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से बांधा समा









मेट्रो रेज

**रांची:** जेके इंटरनेशनल स्कूल अगरू में आज विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन प्रार्थना के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सर्वप्रथम विद्यालय की दसवीं की छात्रा सिद्धि रंजन ने एक भाषण प्रस्तुत किया। जिसमें आज के दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

इस महत्वपूर्ण दिवस के पावन अवसर पर विविध प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो उठे। छोटे-छोटे बच्चों ने भी पारंपरिक पोशाक पहनकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और सभी का मन मोह लिया। नन्हें- नन्हें कदमों को थिरकता देख प्रार्थना सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया तथा ऐसे अवसर पर सदैव अपनी सहभागिता निभाने की प्रेरणा दी।

# मुख्य व विशिष्ट अतिथि ने स्कूल कोचिंग के निदेशक को किया सम्मानित

### युवा शक्ति द्वारा शहीदो की धरती डोमचांच में निकाली गया भव्य तिरंगा यात्रा

मेट्रो रेज

**कोडरमा :** अगस्त क्रांति को लेकर पत्थरांचल के रूप में मशहूर शहीदों की धरती डोमचांच में देशभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा। बता दें कि युवा शक्ति एक नई सोच के तत्वावधान में दिन शुक्रवार को डोमचांच चंद्रावती स्मारक प्लस टू उच्य विद्यालय से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में डोमचांच प्रखण्ड के सरकारी, निजी विद्यालयों व हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र तिरंगे झंडे से पटा हुआ था। स्कूल के छात्र छात्राएं राष्ट्रीय ध्वज लहराया जो कि अद्भुत नजारा देखने को मिला खड़े होकर लोगो ने तिरंगा यात्रा का इंतजार कर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में मुख्य के रूप से विधायक डॉ नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, राजद महासचिव रोहित मेहता, जिप सदस्य शांति प्रिया, निवर्तमान नगर



उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, समाजसेवी राजेंद्र मेहता, सांसद पुत्र मयंक यादव, कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह, भाजपा नेता रमेश सिंह, संजय मेहता, अजय कृष्ण, गुड्डू यादव, उपस्थित थे। मौके पर थाना प्रभारी प्रेम कुमार, वार्ड प्रतिनिधि राजेश साव, सुरेश कुमार तिरंगा यात्रा डोमचांच शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के नाम के जयकारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा शुरू हुई जो शहीद चौक, गिरिडीह रोड, महेशपुर होते हुए कालीमंडा, ढाब रोड होते हुए शहीद स्मारक स्थल पर पहुंची। जहां राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय, वंदे मातरम के साथ साथ डोमचांच के सन 1942 के शहीद नूनमन धोबी, चुरामन मोदी, मंगर साव, उदित नारायण मेहता, शहीद जवान अमर रहे आदि के नारों की गूंज से गूंजता रहा। यात्रा के दौरान बच्चे अपने- अपने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता और शहीदों के जयकारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा डोमचांच प्रखंड के लिए एक ऐतिहासिक पल था। जिसमें बच्चों के साथ ही युवा वर्ग, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के समाप्ति पर। मुख्य अतिथियों के द्वारा सभी विद्यालय के निर्देशक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा शक्ति के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, सचिव सुजीत मेहता, मुकेश कुमार, मिथिलेश पेंटर, पिंटू पेंटर, भीम सिंह, रोहित कुमार, दीपक कुमार, प्रवीण कुमार, प्रवीण मित्तल, मुकेश राम, नितेश कुमार, विवेक इंद्रगुरु, संजीत कुमार, जयप्रकाश मेहता, कनैहिया कुमार, पंकज कुमार, अमरदीप साव, मुकेश राजक, नवीन कुमार, रंजीत कुमार, मनोज रजक, सुरेश कुमार, बसंत मेहता, संतोष गोस्वामी, सुनील सिन्हा, जवाहर विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार, गौतम पांडेय, रितेश मेहता, मंटू मेहता, सीटू सिंह, राजेश कुमार के साथ हजारों की संख्या में स्कूली छात्र- छात्राएं शामिल थीं।



## जाति प्रमाण-पत्र को लेकर मंत्री से मिला लोहरा समाज

**राहे:** पांच परगना क्षेत्र के लोहरा (लोहार, कमार ) समाज के सैकड़ो लोग लोग कल्याण मंत्री दीपक बिरवा से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हमारे समाज के लोगों को हाशिए पर रखा गया है। इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जाति प्रमाणपत्र समस्या पर समाधान किया जाएगा। समाज के लोगों ने यह भी कहा कि हमारा हमारा समाधान नहीं होने पर, जोरदार आंदोलन करेंगे।

इसमें काशीनाथ लोहरा,छात्र नेता सुरेंद्र लोहरा, बबलू लोहरा, प्रमोद लोहरा,दिनेश लोहरा,सोहनलाल लोहरा,महेश्वर लोहरा,राजकिशोर लोहरा,रामदास लोहरा, प्रह्लाद लोहरा,रामसिंगार लोहरा, कुइला लोहरा,मनसा राम लोहरा व अन्य लोग उपस्थिति थे।

## चितियां सांप ने डसा, डॉक्टर के अथक प्रयास से बची जान



**मुरी:** प्रखंड के खेरडीह में रितु लाल महतो को सोते समय कान में चितियां सांप ने डस लिया। उसे सिंगपुर नसिंग होम में भर्ती कराया गया। शाम को होश आया। परिवार के लोगों ने बताया कि चितियां सांप जहरीला होता है।



## ब्राइट एंजेल्स प्ले स्कूल, लोअर चुटिया को अग्रणी प्ले स्कूल का खिताब

**रांची:** लोअर चुटिया, रांची स्थित ब्राइट एंजेल्स प्ले स्कूल को रांची के अग्रणी प्ले स्कूल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 8 अगस्त 2024 को नई दिल्ली में मेरिट अवार्ड्स एंड मार्केट रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रसिद्ध बैडमिंटन चैंपियन साइना नेहवाल द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान उत्कृष्ट प्रारंभिक बाल शिक्षा प्रदान करने और छोटे बच्चों के लिए एक पोषण और प्रेरणादायक वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह हमारे समर्पित शिक्षकों, कर्मचारियों, सहायक अभिभावकों और पूरे ब्राइट एंजेल्स समुदाय की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

## तपोवन पहुंचे बाबूलाल मरांडी महाआरती में हुए शामिल



**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारनपुर के नवनिर्माण हेतु प्रस्तावित प्रतिकृति का अनावरण तथा भूमि पूजन के आरती में शामिल हुए।

Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 04/2024-25

Date :-08/08/2024

3rd Call

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Kumharbar Nala, Block- Mandu, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 51.674 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 10/08/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 17/08/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 17/08/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 20/08/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 332278 Minor Irrigation(24-25).D

# किसानों की आर्थिक स्थिति होगी सुदृढ़: धर्मेंद्र महतो

### जिला राजद ने किसानों के दो लाख रुपए तक का ऋण माफ किए जाने पर हेमंत सरकार को दी बधाई

**रांची:** जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत किसानों के दो लाख रुपए तक का ऋण माफ किए जाने पर हेमंत सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के भूमिपुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंडी किसानों के दर्द को समझा और राज्य मंत्री परिषद द्वारा झारखंड के किसानों का दो लाख रुपए तक का ऋण माफ किए जाने का प्रस्ताव



कैबिनेट से पास किया। अब इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसनों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में यह ऋण माफी की योजना मील का पत्थर साबित होगी। इससे किसानों में हेमंत सरकार के प्रति सहानुभूति के साथ ही विश्वास भी जगा है। इस योजना से राज्य के लगभग 4:45 लाख किसानों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा कृषि ऋण की राशि भी 50000 से बढ़कर 100000 कर दी गई है। इसके लिए भी हेमंत सरकार धन्यवाद की पात्र है। श्री महतो ने जिला कमोडिटी के सभी पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकताओं से आग्रह किया है कि सरकार की इन जन नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाएं जिसका लाभ आने वाले विधानसभा में देखने को मिले।

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला।**

कार्यालय–आदेश

निदेशक, प्रा0शि0, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के निदेशानुसार दिनांक 01.08.2024 को आहूत काउंसिलिंग की प्रक्रिया को निम्नांकित रूप में विस्तारित किया जाता है :–

| क्र.सं. | विवरणी | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | जिले के वेबसाईट पर अभ्यर्थी की सूची का प्रकाशन | 09.08.2024 तक |
| 2 | अभ्यर्थी द्वारा दावा आपत्ति उपलब्ध कराने की तिथि | 10.08.2024 से 17.08.2024 तक |
| 3 | दावा आपत्ति की स्क्रूटनी | 21.08.2024 तक |
| 4 | योग्यताधारी आवेदकों का काउंसिलिंग हेतु जिले के वेबसाईट में पुनः प्रकाशन | 22.08.2024 |
| 5 | उपस्थित अहर्त्ताधारी अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग | 25.08.2024 |
| 6 | अंतिम चयन सूची का प्रकाशन | 01.09.2024 |

काउंसिलिंग स्थल:–
कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक ब्लॉक कैम्पस, गुमला समय:– 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक

जिला शिक्षा अधीक्षक,गुमला।

PR 332202 Jharkhand Education Project Council(24-25)D

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शुक्रवार, 9 अगस्त 2024
संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष पंचमी मूल्य-2 रुपये
वर्ष-7, अंक 329 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 बड़े जनजातीय नरसंहार के स्मरण का शोक दिवस
कल्कि 2898 एडी ने जवान को पछाड़ा, इस मामले में चौथी भारतीय फिल्म बनी 6

# सिमडेगा जेल में एटीएस की छापेमारी,अमन साहू के गुर्गे के पास से मोबाइल बरामद

## आकाश राय जेल में बैठकर ही आपराधिक वारदातों को दिलवाता है अंजाम

**मेट्रो रेज**

**सिमडेगा :** गैंगस्टर अमन साहू का खास गुर्गा आकाश राय उर्फ मोनू जेल में मोबाइल का प्रयोग कर रहा था। एटीएस की छापेमारी में इस बात का खुलासा हुआ है। एटीएस ने सिमडेगा जेल में छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान एटीएस की टीम ने सिमडेगा जेल में बंद अमन साहू गिरोह के अपराधी आकाश राय उर्फ मोनू के पास से मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किया है। एटीएस को सूचना मिली थी कि अपराधी जेल में रहते हुए मोबाइल का उपयोग कर जेल के अंदर से ही अपराधी घटनाओं को अंजाम दिला रहे हैं। जिसके बाद एटीएस एसपी ऋषभ



कुमार झा ने सिमडेगा पुलिस की मदद से जेल में करीब 5 घंटे तक छापेमारी की, जिसके बाद एक निमार्णाधीन बैरक के पास से मेटल डिटेक्टर की मदद से जमीन के नीचे छुपा कर रखा गया एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया।

कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का बेहद खास आकाश राय सिमडेगा जेल में बैठकर ही आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलवा रहा है। सूचना मिलने पर झारखंड एटीएस की टीम ने सिमडेगा जेल में छापेमारी की। एटीएस की जेल में आने की खबर पाकर आकाश राय ने अपना मोबाइल सिम कार्ड निकाल कर छुपा दिया,लेकिन एटीएस ने जेल से मोबाइल खोज निकाला। सूत्रों के अनुसार जेल से जो मोबाइल बरामद हुआ है उसी के माध्यम से आकाश राय अपने बॉस गैंगस्टर अमन साव और कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई से संपर्क करता था। आकाश राय के कहने पर ही गरबा और छत्तीसगढ़ में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। झारखण्ड एटीएस की टीम अब आकाश राय के मोबाइल को खंगाल रही है। आकाश राय के मोबाइल में कई तरह के चौंकाने वाले तत्व मिले हैं, जो एटीएस की जांच की दिशा को और बेहतर करेंगे।

बता दें साल 2021 में अवैध हथियारों के साथ आकाश राय को गिरफ्तार किया गया था। तब से ही वह जेल में बंद है। लेकिन जेल से ही अपने वर्चस्व को कायम रखे हुए है। पिछले दो सालों से वह सिमडेगा जेल में बंद है।जेल कर्मियों से मिलीभगत कर आकाश राय जेल में मोबाइल उपलब्ध करवा लेता है और फिर उसी से कारोबारियों को धमकी देता है और अपने गुर्गों को आपराधिक कांडों को अंजाम देने के लिए निर्देश देता है।

## ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर 20 लाख रिश्वत के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर संदीप यादव को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 20 लाख रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया। संदीप यादव के पहले ईडी के कुछ अन्य अफसर दिल्ली शराब घोटाले में भी आरोपित किए गए थे। चेन्नई में भी एक अधिकारी को दबोचा गया था। राजस्थान में भी ऐसा ही मामला सामने आया था ।

सीबीआई के जाल में फंसे संदीपः सीबीआई को ईडी अधिकारी के रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी। उसी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने जाल बिछाया और संदीप को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। सीबीआई के अनुसार ईडी ने 3 और 4 अगस्त को ज्वेलर के परिसरों में छापेमारी की थी। उस दौरान ईडी के सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव ने ज्वेलर के बेटे को 25 लाख रुपये का भुगतान नहीं करने पर गिरफ्तार करने की कथित तौर पर धमकी दी। हालांकि बात 25 लाख से घटकर 20 लाख पर आ गई और दोनों में सहमति बन गई। जिसके बाद आज सीबीआई ने जाल बिछाकर संदीप को रंगे हाथ पकड़ लिया।



## राज्यपाल से मिले दीपक बिरुआ

**रांचीः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को उन्होंने बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान, रांची में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले झारखंड आदिवासी महोत्सव, 2024 समारोह में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। उक्त अवसर पर विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## मालदा में फिर रेल दुर्घटना : मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे



**मालदाः** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के हरिशचंद्रपुर में शुक्रवार सुबह एक और रेल दुर्घटना सामने आई है। एक मालगाड़ी के पांच डिब्बे कुमेदपुर के पास पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब मालगाड़ी न्यू जलपाईगुड़ी से कटिहार की ओर जा रही थी। इस दुर्घटना से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है । कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। यह हादसा सुबह करीब साढ़े दस बजे खुरियाल और कुमेदपुर स्टेशनों के बीच हुआ। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया। रेलवे के अधिकारी तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं, और राहत कार्य जारी है। हाल के दिनों में मालदा और इसके आसपास के क्षेत्रों में लगातार रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे रेलवे की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और रेलवे अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

## भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज श्री राम जानकी तपोवन मंदिर, निवारणपुर के नवनिर्माण हेतु प्रस्तावित प्रतिकृति के अनावरण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में पूजा -अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की।

### मनी लॉन्ड्रिंग

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर बहस पूरी,कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को रांची के स्पेशल कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया।

मामले में आरोपित आलमगीर आलम की ओर से बहस बुधवार को पूरी कर ली गई थी। शुक्रवार को ईडी की ओर से बहस की गई। बहस के दौरान विशेष लोक अभियोजक ने आलमगीर आलम को पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड बताते हुए जमानत याचिका का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीएमएलए मामलों के स्पेशल कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

आलमगीर को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी इसी मामले में आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से भी पूछताछ कर चुकी है। इस केस में आलमगीर के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ़्तारी हो चुकी है। इनके ठिकानों से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की थी।



**मामले में आरोपित आलमगीर आलम की ओर से बहस बुधवार को पूरी कर ली गई थी। शुक्रवार को ईडी की ओर से बहस की गई। बहस के दौरान विशेष लोक अभियोजक ने आलमगीर आलम को पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड बताते हुए जमानत याचिका का विरोध किया।**

### बार्कलेज-हुरुन इंडिया की रिपोर्ट

## देश की जीडीपी के 10 फीसदी के बराबर है मुकेश अंबानी परिवार की संपत्ति



**नई दिल्लीः** उद्योगपति मुकेश अंबानी का परिवार सबसे बड़ा कारोबारी परिवार बन कर उभरा है। उनके परिवार की कुल संपत्ति 25.75 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। ये राशि देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 10वें हिस्से के बराबर है। बार्कलेज-हुरुन इंडिया की ताजा रिपोर्ट में मुकेश अंबानी परिवार की कुल 25,75,100 करोड़ रुपये की संपत्ति आंकी गई है, जो भारत की जीडीपी के 10 फीसदी के बराबर है। अंबानी परिवार आरआईएल के नेतृत्व में ऊर्जा, रिटेल और दूरसंचार क्षेत्रों में मुख्य तौर पर अपना कारोबार करता है। यह रैंकिंग 20 मार्च, 2024 को कंपनी के मूल्यांकन पर आधारित है।

बार्कलेज-हुरुन इंडिया के मुताबिक मुकेश अंबानी परिवार के बाद सबसे ज्यादा संपत्ति रखने वाला दूसरा कारोबारी परिवार है बजाज, जिनकी कुल संपत्ति 7.13 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। इस ऑटोमोबाइल कारोबारी समूह का नेतृत्व बजाज परिवार की तीसरी पीढ़ी के युवा नीरज बजाज के हाथों में है। वहीं, बिड़ला परिवार की संपत्ति मूल्य के मामले में तीसरे स्थान पर है। इस समूह की कमान बिड़ला परिवार की चौथी पीढ़ी के कुमार मंगलम बिड़ला संभाल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इन तीनों प्रमुख कारोबारी परिवारों की कुल संपत्ति 460 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो सिंगापुर की जीडीपी के बराबर है। इस सूची में सज्जन जिंदल को 4.71 लाख करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति के साथ चौथे पायदान तथा 4.30 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ नादर परिवार 5वें स्थान पर है।

## न्यायालय में हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं का इस्तेमाल फिलहाल नहीं

**नई दिल्लीः** सरकार ने कहा है कि न्यायालय में क्षेत्रीय भाषाओं के इस्तेमाल को लेकर कैबिनेट को प्रस्ताव मिले थे लेकिन उन्हें मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया इसलिए फिलहाल हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं का न्यायालय में इस्तेमाल नहीं हो रहा है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक पूरक सवाल की जवाब में कहा कि किसी भी राज्य में वहां की राज्यपाल की सिफारिश पर राष्ट्रपति की सहमति से स्थानीय भाषा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस क्रम में हिंदी का प्रयोग अधिकृत किया हुआ है और सभी राज्यों में इसका प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र के बाद तमिलनाडु, गुजरात, बांग्ला तमिल तथा छत्तीसगढ़ी में वहां की भाषाओं के न्यायालय में स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल लेकर को प्रस्ताव कैबिनेट को प्राप्त हुए थे, लेकिन इसे मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया था। श्री मेघवाल ने कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए तकनीकी माध्यम से न्यायालय की फसलों की स्थानीय भाषाओं में अनूदित किया जा रहा है। उत्तम न्यायालय के फैसले के लिए हिंदी, तमिल, मराठी, गुजराती आदि भाषाओं में ऐप उपलब्ध कराया गया है।



## 17 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे मनीष सिसोदिया

### दिल्ली आबकारी नीति मामले में 'सुप्रीम' जमानत

**नई दिल्ली :** दिल्ली की आबकारी नीति और धन शोधन से जुड़े अहम मामले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी है। दो जजों की पीठ आज दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम की जमानत याचिका पर फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने उन पर शर्त लगाते हुए निर्देश दिया कि वे अपना पासपोर्ट जमा कर दें। उन्हें हर सोमवार को थाने में गवाही देनी होगी। इसके साथ ही कोर्ट ने उनसे कहा कि वे गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश न करें। कोर्ट ने उन्हें सचिवालय जाने की इजाजत दी है। न्यायमूर्ति



बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई के बाद छह अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया 17 महीने से हिरासत में हैं और अभी तक मुकदमा शुरू नहीं हुआ है, जिससे उन्हें त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित होना पड़ रहा है। इन मामलों में जमानत मांगने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट में भेजना न्याय का मखौल उड़ाना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है कि ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट यह स्वीकार करें कि जमानत का सिद्धांत एक नियम है और जेल एक अपवाद है। इसके बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि सिसोदिया को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानतदारों पर जमानत पर रिहा किया जाए।

**क्या है मामला :** बता दें कि सिसोदिया को रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने, इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पहले 26 फरवरी, 2023 को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। बाद में कई अलग-अलग आरोपों के तहत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने भी सिसोदिया पर शिकंजा कसा। उन्होंने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। सिसोदिया ने यह कहते हुए जमानत मांगी थी कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमा अभी तक शुरू नहीं हुआ है। ईडी और सीबीआई ने उनकी जमानत याचिकाओं का विरोध किया था।

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## सदमे में भारत

**भारतीय** खिलाड़ियों के एक के बाद एक पोडियम पर चढ़ने से पहले ही हारने से देशवासियों में बनती जा रही मायूसी को विनेश फोगाट की घटना ने दोगुना कर दिया है। मनु भाकर के दो कांस्य पदकों सहित निशानेबाजी में तीन पदक आने से देश में खुशी का जो माहौल बना था; वह दिग्गजों के फ्लॉप शो की वजह से ठंडा पड़ता जा रहा था। इस बीच विनेश फोगाट के महिला कुश्ती ने किए प्रदर्शन देश का माहौल फिर से खुशनुमा बना दिया था। एक ही दिन में वह लगातार तीन मुकाबले जीतकर 50 किग्रा वर्ग की कुश्ती के फाइनल में पहुंच गइ्र थीं। वह यह उपलब्धि पाने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान थीं। उन्होंने जिस तरह से टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और 82 मुकाबलों से अजेय बनी हुई सुसाकी को पहले राउंड़ में हराया। उससे देशवासियों को पहली बार सोने का तमगा आने का भरोसा हो गया था, लेकिन सौ ग्राम वजन ज्यादा आने पर उन्हें अयोग्य करके पदक से ही वंचित किए जाने से देश में सदमे जैसी स्थिति बन गई है। हालांकि अभी विनेश के सीएएस में अपील करने से रजत पदक मिलने की संभावनाएं बनी हुई हैं। अब सवाल यह है कि इतने देखभाल करने वालों के रहते वजन कैसे बढ़ गया? इस बात की जांच भी होनी ही चाहिए। हम सभी जानते हैं कि विनेश 53 किग्रा वर्ग में लड़ती रहीं हैं। वह वजन घटाकर इस वर्ग में लड़.रहीं थीं। इस तरह की खिलाड़ी का तो और भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए थे। विनेश को बहुत ही पक्के इरादे वाली पहलवान माना जाता है। यह वह कुश्ती फेड़रेशन के अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला चलाकर दिखा चुकी हैं। इसके अलावा कभी कोई घटना उन्हें विचलित नहीं कर सकी। पर इस घटना ने उन्हें एकदम से तोड़.दिया है और इस कारण उन्होंने संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। इन हालात में देश के माहौल को अब पुरुष हाकी में कांस्य पदक और नीरज चोपड़ा का जेवेलिन में स्वर्ण पदक ही खुशनुमा बना सकता है। इससे पदक तालिका में भारत की स्थिति थोड़ी. सम्मानजनक हो जाएगी। अन्यथा हम 2016 के रियो ओलंपिक जैसे प्रदर्शन की तरफ बढ़ ही रहे हैं। रियो में भारत एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में 67वें स्थान पर रहा था। निश्चित रूप से विनेश फोगाट की घटना ने देशवासियों को हैरान- परेशान कर दिया।

## विनेश, तुम चैंपियन हो

**बिटिया** विनेश! तुम ही भारत का गोल्ड हो, गौरव और प्रेरणा हो। तुम वाकई योद्धा हो, कुश्ती का आक्रामक जज्बा हो। तुम ही देश का सम्मान और सरताज हो। क्या हुआ, यदि तुम ओलंपिक पदक हासिल नहीं कर पाईं? स्वर्ण और रजत पदक तो स्मृति-चिह्न और खेल के प्रतीक हैं। तुम तो चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस हो। देश के प्रधानमंत्री ने भी इन्हीं शब्दों में तुम्हारे हुनर को बयां किया है। वह भी पीड़ित और व्यथित हैं। तुम असली चैम्पियन हो, क्योंकि तुमने चार बार की विश्व चैम्पियन एवं टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन यूई सुसाकी को चित्त किया है। वह 82 मुकाबलों से अजेय खिलाड़ी थीं। तुमने एक ही दिन में तीन कुश्तियां लड़ीं और यूक्रेन, क्यूबा की महिला पहलवानों को भी पटखनी देकर फाइनल तक पहुंचीं। विनेश! तुम बेमिसाल हो और अभूतपूर्व पहलवान हो, जो मुकाबले के फाइनल दौर में पहुंचीं। तुम्हारी उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं और दुनिया के मानस पर अंकित हैं। तुम वाकई अद्वितीय हो। बेशक ओलंपिक खेलों का महाकुंभ है, लेकिन उसके नियम अमानवीय और अतार्किक हैं। यदि विनेश फोगाट का वजन 50 किलोग्राम से 100 ग्राम अधिक हो गया था, तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति उसे फाइनल कुश्ती के अयोग्य करार दे सकती थी। बेशक नियम तो नियम हैं और भारत भी उनके उल्लंघन का पक्षधर नहीं है, लेकिन विनेश ने तय वजन की परिधि में रहकर ही तीन कुश्तियां लड़ीं और जीतीं। इन उपलब्धियों को कैसे छीना जा सकता है? उनके सम्मानस्वरूप रजत पदक से भी वंचित कैसे किया जा सकता है? यह तो एक किस्म की तानाशाही हुई। क्या ओलंपिक खेल भी एकाधिकारवादी हो सकते हैं? रजत पदक की उपलब्धि तक विनेश का वजन लिया गया, तो 49.9 किग्रा था। अधिकतम सीमा 50 किग्रा. के भीतर ही था। ओलंपिक की ज्यूरी ने ही हर बार उन्हें विजेता घोषित किया। फिर अयोग्यता का सवाल कहां पैदा होता है? छह बार के विश्व चैम्पियन पहलवान एवं ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अमरीकी पहलवान जॉर्डन ब्यूरोज ने भी यही सवाल उठाते हुए मांग की है कि विनेश को कमोबेश रजत पदक जरूर दिया जाए। कई कुश्ती विशेषज्ञों और पहलवानों ने भी ऐसे ही आग्रह किए हैं। सभी विशेषज्ञ गलत हों और ओलंपिक समिति ही सही हो, यह कैसे संभव है? प्रिय विनेश! तुमने ओलंपिक के मंच पर जिस तरह जीत का परचम लहराया है, देश उन दृश्यों का साक्षी रहा है। देश में जश्न और उत्साह का माहौल था। एक बेहद सुंदर सपना साकार होने वाला था कि अचानक सब कुछ धराशायी हो गया, टूट कर बिखर गया। करीब 144 करोड़ की आबादी वाला देश एकदम स्तब्ध हो गया। सन्निपात की सी स्थिति आ गई। मात्र 100 ग्राम के वजन ने करोड़ों की उम्मीदों, उनके सपनों और उनकी खुशियों को एकदम कुचल दिया। बेशक यह असहनीय पीड़ा और व्यथा है, लेकिन विनेश बिटिया! तुम यकीन करना कि हम निराश, हताश, कुंठित नहीं हैं, पराजित भी नहीं हुए हैं। शायद खेल पंचाट न्यायालय का विवेक जाग जाए और वह कोई असंभावित फैसला सुना दे! बहरहाल यह देश अपनी चैम्पियन बेटी के साथ खड़ा है। हालांकि हम साजिश या ओलंपिक के बहिष्कार की नकारात्मक राजनीति और प्रचारवाद के खिलाफ हैं। विनेश को भी ये प्रवृत्तियां स्वीकार्य नहीं होंगी, लेकिन कुछ बुनियादी सवाल तो हैं कि अचानक वनज बढकर 49.9 किग्रा. से 52.7 किग्रा. कैसे हो गया? क्या डाइट में कुछ लापरवाही हुई? या हेवी डाइट दे दी गई? क्या विनेश की निजी टीम ने ध्यान नहीं दिया अथवा विनेश ने ही डाइट ज्यादा ले ली? बेशक विनेश ने रात भर वजन घटाने की कई कोशिशें कीं। खून तक निकाला गया, बाल काटने पड़े, सॉना बाथ लिया, लेकिन वजन अचानक ठहर गया और अयोग्यता का आधार बना दिया। पुराने पहलवान बताते हैं कि वजन जहां रुक जाता है, तो पसीना आना भी बंद हो जाता है। विनेश के लिए भी ऐसी ही स्थितियां बन गईं। इन सवालों और कथित लापरवाहियों की जांच तो जरूर की जानी चाहिए और सभी जवाब देश के सामने रखे जाने चाहिए। फिलहाल विनेश अपनी लड़ाई को पूरा करे, लेकिन देश की इच्छा है कि वह कुछ अंतराल के बाद अगले सफर पर निकलने का मन जरूर बनाएं। विनेश कई पीढ़ियों की प्रेरणा हैं, वे साकार रहनी चाहिए। बाद में आई खबरों के अनुसार विनेश ने कुश्ती से संन्यास ले लिया है।

# बड़े जनजातीय नरसंहार के स्मरण का शोक दिवस

> जनजातीय व वनवासी समाज की प्रतिष्ठा, उसके रक्षण व विकास की भारत में प्राचीन परंपरा रही है। प्रकृति पूजन हमें वेदों से प्राप्त हुआ जिसके प्रति नगरीय समाज की अपेक्षा जनजातीय समाज अधिक आग्रही रहा है। जनजातीय समाज रक्षण का पात्र नहीं अपितु शेष समाज का रक्षक भी रहा है यह तथ्य भी हमें प्राचीन भारतीय परम्पराओं व लेखन से मिलता है। मूल निवासी दिवस की चर्चा करें तो ध्यान आता है कि हमारी नर्मदा घाटी ही मानव प्रजाति की जन्मदाता रही है। नर्मदा किनारे जन्मी इस सभ्यता में नगरीय व वन कंदराओं में निवास करने वाले बंधुओं का अपना-अपना महत्व था।

**प्रवीण गुगनानी**

**विदेशी** शक्तियां भारतीय समाज को विखंडित करने के लिए मूलनिवासी दिवस का उपयोग कर रही हैं। नौ अगस्त, वस्तुतः पश्चिमी साम्राज्यवादियों द्वारा किए गए बड़े और बर्बर नरसंहार का दिन है। इस शोक दिवस को उसी पीड़ित व दमित जनजातीय समाज द्वारा उत्सव व गौरवदिवस रूप में मनवा लेने का षड्यंत्र है यह। आश्चर्य यह है कि पश्चिम जगत, झूठे विमर्श गढ़ लेने में माहिर छद्म बुद्धिजिवियों के भरोसे जनजातीय नरसंहार के इस दिन को जनजातीय समाज द्वारा ही गौरव दिवस के रूप में मनवाने कुचक्र में सफल हो रहा है। वस्तुतः 09 अगस्त का यह दिन अमेरिका, जर्मनी, स्पेन सहित समस्त उन पश्चिमी देशों में वहां के बाहरी आक्रमणकारियों द्वारा पश्चाताप, दुःख व क्षमाप्रार्थना का दिन होना चाहिए। इस दिन यूरोपियन आक्रमणकारियों को उन देशों के मूल निवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए जिन मूलनिवासियों को उन्होंने बर्बरतापूर्वक नरसंहार करके उन्हें उनके मूलनिवास से खदेड़ दिया था और नगर छोड़कर सुदूर जंगलों में बसने को विवश कर दिया था। पश्चिमी बौद्धिक जगत का प्रताप देखिए कि हुआ ठीक इसका उल्टा। उन्होंने इस दिन का स्वरूप, मंतव्य व आशय समूचा ही उलटा कर दिया और आश्चर्य यह कि हम भारतीय भी इस थोथे विमर्श में फंस गए। इस इंडीजेनस डे का हमसे तो कोई सरोकार ही नहीं है। यदि जनजातीय दिवस मनाना ही है तो हमारे पास भगवान बिरसा मुंडा से लेकर टंट्या मामा भील तक हजारों ऐसे जनजातीय यौद्धाओं का समृद्ध इतिहास है जिन्होंने हमारे समूचे भारतीय समाज के लिए कई गौरवमयी अभियान चलाए और भारतमाता को स्वतंत्र कराने हेतु अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

### विश्व आदिवासी दिवस

जनजातीय व वनवासी समाज की प्रतिष्ठा, उसके रक्षण व विकास की भारत में प्राचीन परंपरा रही है। प्रकृति पूजन हमें वेदों से प्राप्त हुआ जिसके प्रति नगरीय समाज की अपेक्षा जनजातीय समाज अधिक आग्रही रहा है। जनजातीय समाज रक्षण का पात्र नहीं अपितु शेष समाज का रक्षक भी रहा है यह तथ्य भी हमें प्राचीन भारतीय परम्पराओं व लेखन से मिलता है। मूल निवासी दिवस की चर्चा करें तो ध्यान आता है कि हमारी नर्मदा घाटी ही मानव प्रजाति की जन्मदाता रही है। नर्मदा किनारे जन्मी इस सभ्यता में नगरीय व वन कंदराओं में निवास करने वाले बंधुओं का अपना-अपना महत्व था। दोनों ही समाज अपने उत्पादनों व वृत्तियों के आधार पर परस्पर निर्भरता के सिद्धांत से जीवन यापन करते हुए वैदिक धर्म को ही भिन्न रूपों में माना करते थे। शिव उपासना वैदिक धर्म का एक अविभाज्य अंग रहा है जिसे वन कंदराओं में रहने वाले जनजातीय बंधुओं ने भी आगे बढ़ाया व नगरीय समाज ने भी। वेदों, शास्त्रों, शिलालेखों, जीवाश्मों, श्रुतियों, पृथ्वी के सरंचनात्मक विज्ञान, जेनेटिक अध्ययनों आदि के आधार पर जो तथ्य सामनें आते हैं उनके अनुसार पृथ्वी पर प्रथम जीव की उत्पत्ति गोंडवाना लैंड पर हुई थी जिसे तब पेंजिया कहा जाता था। पेंजिया गोंडवाना व लारेशिया को मिलाकर बना था। गोंडवाना लैंड के अमेरिका, अफ्रीका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया एवं भारतीय प्रायद्वीप में विखंडन के पश्चात यहां के निवासी अपने-अपने क्षेत्र में बंट गए थे। जीवन का विकास सर्वप्रथम भारतीय दक्षिण प्रायद्वीप में नर्मदा नदी के तट पर हुआ जो विश्व की प्राचीनतम नदी है। मध्य प्रदेश के भीम बैठका में पाए गए पच्चीस हजार वर्ष पुराने शैलचित्र, नर्मदा घाटी में की गई खुदाई, तथा मेहरगढ़ के अलावा कुछ अन्य नृवंशीय एवं पुरातत्वीय प्रमाणों से यह सिद्ध हो चुका है कि भारत भूमि, विश्व के प्राचीनतम आदिमानव की कर्मभूमि रही है। यही आदिमानव वैदिक या सनातन संस्कृति के जन्मदाता थे। डॉ. शशिकांत भट्ट की पुस्तक नर्मदा वैली : कल्चर एंड सिविलाइजेशन में नर्मदा घाटी सभ्यता के विषय में में विस्तार से उल्लेख मिलता है। नर्मदा किनारे मानव खोपड़ी का पांच से छह लाख वर्ष पुराना जीवाश्म मिला है जो सनातन धर्म के सर्वाधिक प्राचीन धर्म होने के अकाट्य प्रमाण को वैश्विक पटल रखता है। पौराणिक ग्रंथों में जिस ह्लरेवाखंडेह्व शब्द का प्रयोग मिलता है नर्मदा संस्कृति की प्राचीनता को प्रकट करता है। इन सब तथ्यों के प्रकाश में यह प्रश्न उपजता है कि अंततः यह मूलनिवासी दिवस मनाने का चलन उपजा क्यों व कहां से ? वस्तुतः यह मूलनिवासी दिवस पश्चिम के गोरों की देन है। कोलंबस दिवस के रूप में भी मनाए जाने वाले इस दिन को वस्तुतः अंग्रेजों के अपराध बोध को स्वीकार करने के दिवस के रूप में मनाया जाता है। अमेरिका से वहां के मूल निवासियों को अतीव बर्बरता पूर्वक समाप्त कर देने की कहानी के पश्चिमी पश्चाताप दिवस का नाम है मूल निवासी दिवस।

वस्तुतः इस मूलनिवासी फंडे पर आधारित यह नई विभाजनकारी रेखा एक नए षड्यंत्र के तहत भारत में लाई जा रही है जिससे भारत को सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भारत सामाजिक समरसता के नए आयाम गढ़ रहा है व अंग्रेजों व परिवर्तन कुछ भारत विरोधी तत्वों को रास नहीं आ रहा है। इस सकारात्मक परिवर्तन के वातावरण में जहर बोने का कार्य करते हैं कुछ भारत विरोधी व विभाजनकारी लोग। मूल निवासी दिवस के एजेंडे के पीछे बहुत से ऐसे विदेशी मानसिकता के लोग खड़े हो गए हैं व भारत के भोले भाले जनजातीय समाज के मन में विभाजन के बीज बो रहे हैं।

इस पूरे मामले की जड़ बाबा साहब आम्बेडकर के धर्म परिवर्तन के समय दो धर्मों; इस्लाम एवं ईसाईयत में उपजी निराशा में व कम्युनिस्टों की सोच में है। ईसाईयत व इस्लाम धर्म नहीं अपनाने को लेकर बाबा साहब के विचार सुस्पष्ट रहे हैं, उन्होंने सस्वर कहा व लिखा कि उनके अनुयायी इस्लाम व ईसाईयत से दूर रहें। किंतु आज मूलनिवासी वाद के नाम पर भारत का दलित व जनजातीय समाज एक बड़े ईसाई व इस्लामी षड्यंत्र का शिकार हो रहा है। एक बड़े और एकमुश्त धर्म परिवर्तन की आस में बैठे ईसाई धर्म प्रचारक तब बहुत ही निराश व हताश हो गए थे जब बाबासाहब आम्बेडकर ने किसी भारतीय भूमि पर जन्में व भारतीय दर्शन आधारित धर्म में जाने का निर्णय अपने अनुयाइयों को दिया था। कम्युनिस्ट विचार व ईसाई धर्म के इसी षड्यंत्र का अगला क्रम है मूलनिवासी वाद का जन्म। भारतीय दलितों व आदिवासियों को पश्चिमी अवधारणा से जोड़ने व भारतीय समाज में विभाजन के नए केंद्रों की खोज इस मूलनिवासी वाद के नाम पर प्रारंभ कर दी गई है। इस पश्चिमी षड्यंत्र के कुप्रभाव में आकर कुछ दलित व जनजातीय नेताओं ने यह कहना प्रारंभ किया कि भारत के मूल निवासियों (दलितों) को बाहरी आर्यों ने अपना गुलाम बनाकर यहां हिन्दू वर्ण व्यवस्था को लागू किया। बाबा साहब अपने में लेखन कथित आर्य व जनजातीय संघर्ष की बात को दृढ़ता से नकारते हैं। बाबा साहब ने लिखा है झ "आर्य आक्रमण की झूठी कथा पश्चिमी लेखकों द्वारा बनाई गई है जिसके कोई प्रमाण नहीं है। इस पश्चिमी सिद्धांत का विश्लेषण करने से मैं जिस निर्णय पर पहुंचा हूं, वह यह है - वेदों में आर्य जातिवाद का उल्लेख नहीं है व वेदों में आर्यों द्वारा दलित व जनजातीय आक्रमण कर विजय प्राप्त करनें का कोई प्रमाण नहीं है। ये कथित लोग कहते हैं कि वे मूलनिवासी हैं और बाकी सारे लोग विदेशी हैं।

# भारत छोड़ो दिवस पर विशेष 'चीनी' सामान भारत छोड़ो

> आज जाने-अनजाने हमारे घरों में स्वदेशी की जगह विदेशी वस्तुओं ने ले ली है। चीनी वस्तुएं हमारे घरों की शोभा बन रही हैं। जरा सोचिए कि जो देश हमारे देश पर आक्रमण करने की भूमिका में दिखाई दे रहा है, उसी देश का सामान हम अपने घरों में लाकर उसको महत्व दे रहे हैं। हम अपने घर में चीनी सामान को देखकर खुश हो रहे हैं और चीन हमसे ही कमाए गए पैसे के दम पर हमारे देश को आंख दिखा रहा है। वास्तव में देखा जाए तो वर्तमान में हम मतिभ्रम का शिकार हो गए हैं। विदेशी सामान की अच्छाई के बारे में कोई झूठा भी प्रचार कर दे तो हम उस पर विश्वास कर लेते हैं, लेकिन हमें अपने ऊपर विश्वास नहीं।

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

**भारतीय** बाजारों में जिस प्रकार से चीनी वस्तुओं का आधिपत्य दिखाई दे रहा है, उससे यही लगता है कि देश में एक और भारत छोड़ो आंदोलन की महती आवश्यकता है। यह बात सही है कि आज देश में अंग्रेज नहीं हैं, लेकिन भारत छोड़ो आंदोलन के समय जिस देश भाव का प्रकटीकरण किया गया, आज भी वैसे ही देश भाव के प्रकटीकरण की आवश्यकता दिखाई देने लगी है। हम सभी चीनी वस्तुओं का त्याग करके चीन को सबक सिखा सकते हैं। यह समय की मांग भी है और देश को सुरक्षित करने का तरीका भी है। हम देश की सीमा पर जाकर राष्ट्र की सुरक्षा नहीं कर सकते तो चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करके सैनिकों का उत्साह वर्धन तो कर ही सकते हैं। तो क्यों न हम आज ही इस बात का संकल्प लें कि हम जितना भी और जैसे भी हो सकेगा, देश की रक्षा के लिए कुछ न कुछ अवश्य ही करेंगे। भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए जिन महापुरुषों ने जिस स्वतंत्र भारत की कल्पना की थी, वर्तमान में वह कल्पना धूमिल होती दिखाई दे रही है। महात्मा गांधी ने सीधे तौर पर स्वदेशी वस्तुओं के प्रति देश भाव के प्रकटीकरण करने की बात कही थी, पर क्या यह भाव हमारे विचारों में दिखाई देता है। कदाचित नहीं। वर्तमान में जो राजनीतिक दल महात्मा गांधी के नाम के सहारे जिन्दा हैं। उन राजनीतिक दलों के अंदर देश भाव का अंश दिखाई नहीं देता। देश में जितने भी महापुरुष हुए हैं, सभी ने देश भाव को जन-जन में प्रवाहित किया। इसी के कारण ही अंग्रेज और अंग्रेजी मानसिकता के लोगों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। सभी महापुरुषों का एक ही ध्येय था कि कैसे भी हो देश में स्वदेशी भावना का विस्तार होना चाहिए, फिर चाहे हमारे दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली वस्तुओं का मामला हो या फिर शिक्षा पद्धति का। सभी में स्वदेशी का भाव प्रकट होना चाहिए। वास्तव में देश धर्म क्या होता है, इसे जानना है तो हमें किसी सैनिक से पूछना चाहिए। वह यही जवाब देगा कि देश धर्म का मूल्य प्राण देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। इसके लिए सुख सुविधाओं का त्याग करना पड़ेगा। सुविधाओं का त्याग करने वाला समाज ही अपनी और अपने समाज की रक्षा कर सकता है। आज जाने-अनजाने हमारे घरों में स्वदेशी की जगह विदेशी वस्तुओं ने ले ली है। चीनी वस्तुएं हमारे घरों की शोभा बन रही हैं। जरा सोचिए कि जो देश हमारे देश पर आक्रमण करने की भूमिका में दिखाई दे रहा है, उसी देश का सामान हम अपने घरों में लाकर उसको महत्व दे रहे हैं। हम अपने घर में चीनी सामान को देखकर खुश हो रहे हैं और चीन हमसे ही कमाए गए पैसे के दम पर हमारे देश को आंख दिखा रहा है। वास्तव में देखा जाए तो वर्तमान में हम मतिभ्रम का शिकार हो गए हैं। विदेशी सामान की अच्छाई के बारे में कोई झूठा भी प्रचार कर दे तो हम उस पर विश्वास कर लेते हैं, लेकिन हमें अपने ऊपर विश्वास नहीं।

यह बात सत्य है कि भारत एक ऐसा देश है जहां विश्व को भी शिक्षा दी जा सकती है, लेकिन इन सबके लिए हमें अपने अंदर विश्वास जगाना होगा, तभी हम देश का भला कर सकते हैं। जनता अगर एक बार संकल्प कर ले तो वह दिन दूर नहीं, जब हम चीन को पछाड़ सकते हैं। आज चीन द्वारा निर्मित वस्तुओं का पूरी तरह से त्याग करने की आवश्यकता है। बहुत से लोग यह तर्क भी कर सकते हैं कि सरकार चीन की वस्तुओं पर रोक क्यों नहीं लगा देती? इसका एक ही उत्तर है, जब जनता विरोध करेगी तो सरकार को भी बात माननी होगी। हमें पहले इस बात का अध्ययन करना होगा कि हमारा देश गुलामी की जंजीरों में कैसे जकड़ा। इसका सीधा सा जवाब यही होगा कि हमारे देश में अंग्रेजों द्वारा संचालित की जाने वाली ईस्ट इंडिया कंपनी के उत्पादों को खरीदना प्रारंभ कर दिया। उससे स्वावलंबी भारत आर्थिक तौर से परावलंबी होता गया और देश की आर्थिक प्रगति पूरी तरह से अंग्रेजों पर निर्भर हो गई। इसके परिणामस्वरूप हम आर्थिक रूप से परतंत्र हो चुके थे। अब जरा सोचिए कि जब एक विदेशी कंपनी ने भारत को गुलाम बना दिया था, तब आज तो देश में हजारों विदेशी कंपनियां व्यापार कर रही हैं। देश किस दिशा की ओर जा रहा है। हम जानते हैं कि अंग्रेजों की परतंत्रता की जकड़न से मुक्त होने के लिए हमारे देश के महापुरुषों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन का शंखनाद किया। इस आंदोलन के मूल में अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर करना था, इसके साथ ही अंग्रेजियत को भी भारत से भगाने की संकल्पना भी इसमें समाहित थी। इस आंदोलन में जहां विदेशियों के प्रति देश के जनमानस में नकारात्मक भाव जाग्रत हुआ, वहीं स्वदेशी यानी देश भक्ति की भावना का प्रकटीकरण हुआ। इस आंदोलन के सफल होने के बाद आज यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि देश के नागरिकों में देश भाव कूट-कूट कर भरा हुआ है, लेकिन आज उसे प्रकट करने की महती आवश्यकता है। ऐसे ही आंदोलनों के चलते देश भाव को प्रकट करने के लिए विदेशी वस्तुओं की होली जलाई जाती थी। इसके पीछे एक मात्र उद्देश्य यही था कि भारतीय जन स्वदेशी भाव को हमेशा जागृत रखें और अपने देश में निर्मित सामान का ही उपयोग करें। आज के वातावरण का अध्ययन करने से पता चलता है कि आज सैकड़ों बहुराष्ट्राष्ट्रीय कंपनियां व्यापार के माध्यम से हमारे देश को लूट रहीं हैं। हम अनजाने में विदेशी वस्तुओं को खरीदकर अपने आपको आर्थिक गुलामी की ओर धकेल रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि देश में एक और भारत छोड़ो आंदोलन की आवश्यकता है।

# रोग

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**केवल** शारीरिक वरन मानसिक रोगों की भी इन दिनों बाढ़ आई हुई है। सिर दर्द, आधा शीशी, जुकाम, अनिद्रा, उन्माद, बेहोशी के दौरे आदि तो प्रत्यक्ष और प्रकट मस्तिष्कीय रोग हैं। चिंता, भय, निराशा, आशंका, आत्महीनता जैसे अवसाद और क्रोध, अधीरता, चंचलता, उदंडता,ईर्ष्या, द्वेष, आक्रमण जैसे आवेश मनःसंस्थान को ज्वारझ्रभाटों की तरह असंतुलित बनाए रहते हैं। फलतः मानसिक क्षमता का अधिकांश भाग निरर्थक चला जाता है एवं अनर्थ बुनने में लगा रहता है। अपराधी दुष्प्रवृत्तियों से लेकर आत्महत्या तक की अगणित उत्तेजनाएं विकृत मस्तिष्क के उपार्जन ही तो हैं। तरहझ्रतरह की सनक के कितने ही लोग सनकते रहते हैं और अपने तथा दूसरों के लिए संकट खड़े करते हैं। दुर्व्यसनों और बुरी आदतों से ग्रसित व्यक्ति अपना तथा अपने साथियों का कितना अहित करते हैं यह सर्वविदित है। पागलों की संख्या तो संसार में तेजी के साथ बढ़ रही है। जनसंख्या इसी चपेट में आई हुई दिखाई पड़ेगी। शारीरिक रोगों का विस्तार भी तेजी से हो रहा है। दुर्बलता और रु ग्णता से सर्वथा अछूते व्यक्ति ही बहुत स्वल्प संख्या में मिलेंगे। रंगाई से पूर्व धुनाई आवश्यक है। यदि कपड़ा मैला- कुचैला है तो उस पर रंग ठीक तरह न चढ़ेगा। इस प्रयास में परिश्रम, समय और रंग सभी नष्ट होंगे। कपड़े को ठीक तरह धो लेने के उपरांत उसकी रंगाई करने पर अभीष्ट उद्देश्य पूरा होता है। ठीक इसी प्रकार आध्यात्मिक प्रगति के लिए की गई साधना का समुचित प्रतिफल प्राप्त करने के लिए उन अवरोधों का समाधान किया जाना चाहिए जो दुष्कर्मों के फलस्वरूप आत्मोत्कर्ष के मार्ग में पग- पग पर कठिनाई उत्पन्न करते हैं। दीवार बीच में हो तो उसके पीछे बैठा हुआ मित्र अति समीप रहने पर भी मिल नहीं पाता। कषाय- कल्मषों की दीवार ही हमें अपने इष्ट से मिलने में प्रधान अवरोध खड़ा करती है। उपासना का प्रतिफल प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि आत्मशोधन की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। यह प्रक्रिया प्रायश्चित विधान से ही पूर्ण होती है। हठयोग में शरीर शोधन के लिए नेति,धोति, वस्ति, न्यौली व्रजोली आदि क्रियाएं करने का विधान है। राजयोग में यह शोधन कार्य यम-नियमों में करना पड़ता है।

### चिंतन-मनन

## आपके पत्र

### हथकरघा को और बढ़ावा मिले

**सात** अगस्त को हमारे देश में हर वर्ष की भांति राष्ट्रीय हथकरघा अर्थात हैंडलूम दिवस मनाया गया। वर्ष 1905 में जब अंग्रेजी शासक लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन की कोशिश की, तो उसी समय कोलकाता के टाउनहॉल में हमारे देश के लोगों ने स्वदेशी आंदोलन का श्रीगणेश किया था। इस कारण भी यह दिवस 7 अगस्त को मनाया जाता है। हथकरघा हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति की एक पहचान भी है। इनमें हमारे देश के इतिहास की झलक देखने को मिलती है। केंद्र सरकार देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अगस्त 2015 को इस दिवस को मनाने का ऐलान किया था, ताकि देश में हथकरघा उत्पादों और इसके जरिए रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में हथकरघा को और बढ़ावा देने की जरूरत है।

**मीना शर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सेविका-सहायिका को चयन मुक्त करने की अनुशंसा की

**जामा।** जामा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डॉ. विवेक किशोर ने बेदिया पंचायत के सीता कोहबर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहायिका को चयन मुक्त करने की अनुशंसा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से की है। जानकारी के अनुसार, बीते 6 जुलाई को उप विकास आयुक्त ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सीता कोहबर आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया था। जिस दौरान सेविका एवं सहायिका दोनों अनुपस्थित पायी गयी थी। बीडीओ द्वारा उक्त दोनों को स्पष्टीकरण पूछा गया था। जिसमें सेविका पानसूरी हांसदा द्वारा स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे पूर्व भी महिला पर्यवेक्षिका द्वारा कई बार सेविका से स्पष्टीकरण पूछा गया था, लेकिन कोई स्पष्टीकरण का जवाब विभाग को प्राप्त नहीं हो पाया है। जबकि सहायिका रमनी बास्की का जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने के कारण दोनों को चयन मुक्त करने की अनुशंसा बीडीओ सह सीडीपीओ द्वारा की गयी है।

## हाई स्कूल में चला नामांकन जारूकता अभियान

**साहिबगंज/बरहड़वा :** बीएसके कॉलेज के इग्नू सेंटर में नामांकन को लेकर बरहड़वा हाई स्कूल में नामांकन जागरूकता अभियान



चलाया गया। जिसमे मुख्य रूप से देवघर के डिप्टी कलेक्टर अरविंद मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बीएसके कॉलेज में इग्नू से स्नातक की पढ़ाई प्रारंभ हो चुका है।अगले सत्र पीजीडीआरडी एमए बीए जर्नलिज्म सहित अन्य का पढ़ाई शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि बहुत विद्यार्थी घर का काम के चलते पढ़ाई छोड़ देते है, वैसे विद्यार्थी घर में शेल्फ स्टडी कर इग्नू से डिग्री हासिल कर सकते हैं। इग्नू में नामांकन के बाद क्लास करने की अनिवार्य नहीं है। घर का काम करते आसानी से डिग्री लिया जा सकता है उन्होंने आगे कहा कि यूनिवर्सिटी व इग्नू सेंटर से प्राप्त डिग्री सर्टिफिकेट का मान्यता बराबर है। मौके पर बीएसके कॉलेज इग्नू सेंटर के समन्वयक रंजन कांत साह, कंप्यूटर ओपरेटर रिजवान बीश बसर हाई स्कूल बरहड़वा के प्रधान शिक्षक अभिनव कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## पांच वर्ष से फरार नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज/बरहरवा :** थाना क्षेत्र के फुटानी मोड़ से पांच वर्ष पूर्व के एक लंबित मामले के आरोपी को पुलिस ने बुधवार की शाम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, बहरमपुर थाना क्षेत्र के रंजन साहा के विरुद्ध बरहरवा थाना में कांड संख्या 464/19 दर्ज किया था। प्राथमिकी दर्ज के बाद से पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी,




परंतु पुलिस के हाथ से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी फुटानी मोड़ पर है। गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह के निर्देश पर एएसआई जुमराती अंसारी फुटानी मोड़ के समीप दल बल के साथ छापेमारी करते हुए रंजन साहा को गिरफ्तार कर थाना लाया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में एएसआई जुमराती अंसारी पुलिस शशस्त्र दल बल के साथ मौजूद थे।

## वन महोत्सव में सीएम के हाथों सम्मानित हुए जितेंद्र हजारी

**साहिबगंज :** रांची में 75वें वन महोत्सव कार्यक्रम में साहिबगंज



के स्नेक कैचर जितेंद्र हजारी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सम्मानित किया है। जितेंद्र हजारी रसूलपुर दहला के रहने वाले हैं और संयुक्त वन प्रबंधन समिति जमनी से जुड़े हैं। जितेंद्र कई वर्षों से सांप पकड़ने का काम कर रहे हैं। साथ ही लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं। इसके अलावे मॉनिटर लिजार्ड व कछूआ का रेस्क्यू भी इन्होंने किया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग व वन प्रमंडल के कर्मियों ने जितेंद्र को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## बीस सूत्री अध्यक्ष ने चलाया जनसम्पर्क अभियान, जनसमस्याओं से हुए अवगत

**साहिबगंज/बरहरवा :** बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस कार्यकर्ता अशोक दास के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के



विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ अंगूठियां जामबाद असिला के ग्रामीणों से जनसम्पर्क करते हुए लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। लोगों को संबोधित करते हुए श्री दास ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तुरन्त हमारे कार्यकर्ताओं से या हमसे मिलें या प्रत्येक गुरुवार को बरहरवा प्रखंड परिसर स्थित बीस सूत्री कार्यालय में पहुंचे। आपकी समस्याओं को तुरंत संज्ञान में लेकर समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता 24 घंटे मौजूद है। जनसम्सर्क के दौरान उन्होंने गांव की बिजली, पानी, अबुआ आवास एवं मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर जागरूक करते हुए वर्तमान स्थित से अवगत हुए। वहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री मैया योजना को लेकर कहा कि अब महिलाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन कर सकती हैं। इस योजना का लाभ जरूर लें। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास सहित कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## पुरानी पेंशन लागू करने पर शिक्षिकेत्तर कर्मियों ने जतायी खुशी

**साहिबगंज।** साहिबगंज कॉलेज में कॉलेज के शिक्षक व शिक्षिकेत्तर कर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। वहीं, प्राचार्य डॉ. एसआरआई रिजवी की अध्यक्षता में स्टाफ रूम में विशेष बैठक आहूत की गयी। जिसमें साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवी ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार का पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय जन कल्याणकारी चरित्र को दर्शा रहा है। पुरानी पेंशन से न सिर्फ शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित हुआ है बल्कि इससे शिक्षकों का सरकार पर भरोसा भी बढ़ा है। वहीं, सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने एक स्वर से झारखंड सरकार से पुरानी पेंशन लागू किये जाने के फैसले का स्वागत किया। मौके पर डॉ. मरियम, डॉ. अवस्थी, डॉ. राधा, डॉ. शोभा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. दिनेश कुमार यादव, पोदो सोरेन, डॉ. अनूप कुमार साह, डॉ. सिदाम सिंह मुंडा, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. मिथलेश कुमार, डॉ. डेविड यादव, डॉ. कसमुद्दीन सहित अन्य थे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह देश की अखंडता गरिमा और सम्मान का है प्रतीक : आयुक्त

मेट्रो रेज

**दुमका।** संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल की अध्यक्षता में गुरुवार को आगामी स्वतंत्रता दिवस 2024 की तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संथाल परगना के आयुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह - 2024 की तैयारियों की हर एक बिंदु पर अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त लालचंद डाडेल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह देश की अखंडता, गरिमा और राजकीय सम्मान का प्रतीक है। इसी क्रम में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बताया कि झारखंड के माननीय राज्यपाल द्वारा मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाइन दुमका में झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसलिए सारी तैयारियां दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के दौरे को लेकर सभी निर्देशों और दायित्वों का निर्वहन सभी अधिकारी पूरी तत्परता से करें। उन्होंने कहा कि झंडोत्तोलन स्थल, मंच और राजभवन से पुलिस लाइन मार्ग की सजावट समय पर पूरी कर लें। बारिश के मौसम को देखते हुए वाटरप्रूफ मंच और पंडाल का निर्माण




कराएं। समारोह स्थल पर अग्निशमन वाहन, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि मंच के समीप मेडिकल की टीम, एंबुलेंस और पूर्ण चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ फर्स्ट एड की व्यवस्था करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि शहर के विभिन्न संस्थानों में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा को 15 अगस्त से पहले सुसज्जित करा लें और स्थल की अच्छी तरह से सफाई करा दें। साथ ही मुख्य सड़क मार्ग, मुख्य चौक और पुलिस लाइन के आसपास की भी पूर्ण सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्मारक स्थल पर लाइटिंग से भी सजावट करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक आईटीडीए, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री मंईंया सम्मान योजना को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## 15 अगस्त तक पंचायत भवनों में लगाया जायेगा विशेष शिविर

मेट्रो रेज

**दुमका।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से योग्य लाभुकों को जोड़ने के लिए किये जा रहे कार्यों को लेकर जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार आवेदनों की एंट्री तथा लाभुक को योजना से जोड़ने हेतु प्रचार प्रसार कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य कर योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि 15 अगस्त तक पंचायत भवनों में झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं से इस योजना का



आवेदन लेने के लिए राज्य सरकार ने प्रक्रिया को आसान करते हुए सभी लाभुकों से ऑफलाइन आवेदन लेने का निर्णय लिया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी इसे सुनिश्चित कर ले कि जो महिलाएं आवेदन करने पंचायत भवन पहुंचेंगी उन्हें ज्यादा इंतजार न करना पड़े। उनसे आवेदन के साथ यह चार दस्तावेज (आधार कार्ड की छायाप्रति, राशन कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो) लेकर रिसीविंग दे दें। बाकी ऑनलाइन एंट्री की प्रक्रिया भी जल्द करते हुए सभी को इस योजना से जोड़े। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक आईटीडीए, सहायक समाहर्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## ईंट भट्टे का मालिक और स्टाफ बताकर करता था ठगी, रंगेहाथ युवक धराया

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/पतना :** रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत धोखाधड़ी और फ्रॉड करने का एक आश्चर्यचकित करने वाला मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार, वर्षों से एक युवक अपने आप को कभी ईंट भट्टा का मालिक बताया करता तो कभी स्टाफ बताकर ग्राहक व ईंट भट्टा के मालिक को चूना लगा रहा था। अब तक उसने कई ग्राहकों से ईंट भट्टे का मालिक बताकर लाखों रुपये का चुना लगा चुका है। पूर्व की भांति युवक रांगा थाना क्षेत्र के केंदुआ प्रधान टोला सत्संग मंदिर के समीप पैसा ऐंठने की फिराक में था, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों व ईट भट्ठा के कारीगरों के हत्थे चढ गया और रंगेहाथ धर-दबोचा गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने जमकर उसकी पिटाई कर दी। घंटो तक बंधक बनाकर रखे जाने के बाद पुलिस को सूचना मिली, इसके बाद मौके पर रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह दल-



बल के साथ पहुंचे और भीड़ के चंगुल से युवक को छुड़ाया। इस दौरान ईंट भट्टा के स्टाफ ने बताया कि बरहरवा, केदुआ, दिघी रांगा के क्षेत्र से जब हमलोग ऑर्डर पर ग्राहक के घर ईंट पहुंचाते थे तो उक्त युवक गाड़ी का पीछा करते हुए पहुंच जाता और जैसे ही मजदूर ईंट खाली करने लगते थे तो उक्त युवक खरीदार के पास जाकर स्वयं को कभी भट्टा का स्टाफ बताता या फिर मालिक बताकर सारा पेमेंट ग्राहक से ले लेता था और वहां से फरार हो जाता था।

## भाजपा एसटी मोर्चा ने किया जनाक्रोश महारैली का आयोजन

मेट्रो रेज

**जामा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा दुमका द्वारा संथाल परगना में आदिवासियों की घटती जनसंख्या और लुटती जमीन के विरोध में गुरुवार को जनाक्रोश महारैली का आयोजन जामा हटिया परिसर से प्रखंड मुख्यालय परिसर तक किया गया। जनाक्रोश सभा को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विमल मरांडी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की समस्या झारखंड में विकराल रूप धारण करती जा रही है। घुसपैठियों के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित आदिवासी समाज है। बांग्लादेशी घुसपैठिये लव जिहाद, लैंड जिहाद के माध्यम से आदिवासी बेटियों से शादी रचा रहे और उनकी जमीन पर भी कब्जा कर रहे हैं। अब तो आदिवासी आरक्षित सीट पर जनप्रतिनिधि बनाकर घुसपैठिये राजनीतिक रूप से भी मजबूत हो रहे हैं। आज संथाल परगना सहित पूरे झारखंड की डेमोग्राफी में अप्रत्याशित




बदलाव आयी है। जिसे आंकड़ों में स्पष्ट देखा जा सकता है। 1951 की जनगणना रिपोर्ट के आधार पर पूरे झारखंड क्षेत्र में आदिवासियों की आबादी 36 प्रतिशत थी जो 2011 की जनगणना में घटकर 26 प्रतिशत हो गयी। उसी प्रकार हिंदू आबादी 87.9 प्रतिशत थी जो घटकर 81.7 प्रतिशत हो गयी। जबकि मुस्लिम आबादी 8.9 प्रतिशत थी जो बढ़ कर 14.5 प्रतिशत हो गयी। वहीं मुखिया सह भाजपा नेता राजू पुजहर ने कहा कि केवल संथाल परगना क्षेत्र की जनगणना रिपोर्ट पर नजर डालें तो 1951 में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44.67 प्रतिशत थी जो 2011 में घटकर 28.11 प्रतिशत पर आ गयी। जबकि मुस्लिम आबादी 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 22.73 प्रतिशत पहुंच गयी।

अन्य समुदाय की जनसंख्या 45.9 प्रतिशत से बढ़कर मात्र 49.2 प्रतिशत पर पहुंची। आज एक एक बूथ पर 123 प्रतिशत तक मतदाताओं में वृद्धि दर्ज हुई है। ऐसी परिस्थिति में बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त हो रहा है। झामुमो कांग्रेस जैसे सत्ताधारी दल तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। अब तो स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि आदिवासी समाज के लोग मुस्लिम बहुल गांव से पलायन कर रहे हैं। लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। अपने धार्मिक आयोजन भी नहीं कर पा रहे हैं। न्यायालय के आदेश के बावजूद राज्य सरकार आदिवासी की लूटी जमीन पर बांग्लादेशियों का कब्जा नहीं हटा पा रही है। संवैधानिक व्यवस्था में आबादी के अनुपात में आदिवासी, दलित समाज को लोकसभा, विधानसभा एवम नौकरियों में आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। लेकिन जिस प्रकार से आज प्रदेश में आदिवासियों की आबादी तेजी से घट रही उसके कारण समाज पर चौतरफा संकट है। रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रमेश मुर्मू ने कहा कि आदिवासियों की माटी, बेटी, रोटी सब असुरक्षित हैं।

# जीवंत समाज का परिचायक है खेलकूद का आयोजन : गोपाल कृष्ण झा

मेट्रो रेज

**दुमका।** झारखंड शिक्षा परियोजना दुमका के तत्वावधान में गुरुवार से दुमका के कमारदुधनी स्थित फुटबॉल मैदान में भव्यता के साथ जिलास्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता आरंभ हो गया। 14 अगस्त तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल, तीरंदाजी, शतरंज, योग तथा कुश्ती के साथ-साथ क्रिकेट के लिए ट्रायल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर पर होने वाले खेलो झारखंड प्रतियोगिता में दुमका का प्रतिनिधित्व करेंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक संथाल परगना प्रमंडल गोपाल कृष्ण झा ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि किसी भी समाज में खेलकूद का आयोजन समाज की जीवंतता का परिचायक होता है। संथाल परगना के लोगों की सरल और सहज जीवन शैली में खेलकूद की महत्वपूर्ण भूमिका है।यहां के खिलाड़ी विभिन्न स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने




जिला को गौरवांवित करते आ रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एक बार फिर से दुमका के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित करेंगे। अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम ने सही तकनीक के साथ बच्चों को अपने खेल का अभ्यास करने की बात कही।

### बैंड धुन पर खिलाड़ियों ने किया शानदार मार्चपास्ट

कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय जरमुंडी तथा जामा की बच्चियों के द्वारा बजाए गए शानदार बैंड की धुन पर विभिन्न प्रखंड से आए खिलाड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय मसलिया की छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में लोटा पानी से अतिथियों का स्वागत किया।अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुमंत कुमार ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए आगामी छह दिनों तक चलने वाले विभिन्न खेलकूद कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच का संचालन शिक्षक मदन कुमार ने किया।

### खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित


**सुब्रतो** मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में राज्यस्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले 17 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में उच्च विद्यालय शिकारीपाड़ा तथा इसी आयुवर्ग के बालिका वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय दुमका टीम की खिलाड़ी, इसी प्रतियोगिता में बेस्ट कोच आंके गये शारीरिक शिक्षक रमानंद घोष तथा राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने वाली प्लस टू उच्च विद्यालय ठाढ़ीहाट खुशियाम, रामगढ़ की छात्रा संगीता हांसदा को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।संगता ने ही उद्घाटन समारोह में मशाल लेकर दौड़ लगाई तथा खिलाड़ियों का शपथ ग्रहण कराया था। 17 वर्ष से कम उम्र के बालकों के लिए आयोजित 3000 मीटर की दौड़ में सोकल किस्कू तथा चंदन कुमार,1500 मीटर की दौड़ में सोकल किस्कू तथा देना टुडू, 800 मीटर की दौड़ में सप्तम मुर्मू तथा सुभाष मुर्मू, 400 मीटर की दौड़ में अमरनाथ किसृकू तथा सुभाष मुर्मू, 200 मीटर की दौड़ में सौरभ कुमार दर्वे तथा वकील सोरेन, 100 मीटर की दौड़ में साहिल कुमार दर्वे तथा रंजीत टुडू क्रमशः पहले तथा दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, बालिका वर्ग के 3000 मीटर की दौड़ में टीनू सिंह एकमात्र खिलाड़ी ने भाग लिया जबकि 1500 मीटर की दौड़ में निशा कुमारी तथा संजोली सोरेन, 800 मीटर की दौड़ में गिनी टुडू तथा माहफुल मरांडी, 400 मीटर की दौड़ में सुमित हेंब्रम तथा उर्मिला मुर्मू, 200 मीटर की दौड़ में अलीशाबेन मुर्मू तथा अरिका कुमारी क्रमशः पहले तथा दूसरे स्थान पर रहीं। आयोजन को सफल कराने में झारखण्ड शिक्षा परियोजना के क्षेत्रीय प्रबंधक सूरज पाण्डेय, शारीरिक शिक्षक अमित कुमार, ज्ञानप्रकाश ठाकुर, रेशु आनंद, दीपक कुमार मंडल, हितेश कुमार साह, उषा किरण मुर्मू, उत्पल पाल, रमानंद घोष, अरका घोष, सुरेन्द्र टुडु, रुद्रप्रकाश तिवारी, गिरिजाशंकर प्रसाद, पाले खां, सुहागनी मुर्मू, श्रीकांत सहाय, राजेश कुमार, सुमन कुमार, काजल हाजरा, इन्दु कुमारी, शक्तिभूषण,पप्पू कुमार यादव तथा सुरेन्द्र कुमार सहित अन्य शारीरिक शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।



## अच्छी फिल्म मिलेगी तो रोमांस भी कर लूंगा : संजय दत्त

**बॉलीवुड** अभिनेता संजय दत्त अपनी पिछली फिल्म 'घुड़चढ़ी' के बाद जल्द ही तेलुगू साइंस फिक्शन की फिल्म 'डबल स्मार्ट' में नजर आएंगे। फिल्म में वे अभिनेता राम पोथिनेनी, काव्या थापर, सियाजी शिंदे और अन्य कलाकारों के साथ काम करते दिखेंगे। हाल ही में मुंबई में इस फिल्म का सॉन्ग बिग बुल रिलीज किया गया, जहां फिल्म की पूरी कास्ट मौजूद थी। इस दौरान मंच पर उपस्थित होस्ट ने संजय से प्रश्न करते हुए पूछा कि काफी समय उन्होंने एक रोमांटिक फिल्म नहीं की है। क्या वे आनेवाले समय में किसी रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे? इस पर संजू बाबा ने कहा, 'आप क्या कहते हो? हां, अगर कोई अच्छी फिल्म मिलेगी तो रोमांस भी कर लेंगे। हमारा जो जनरेशन है, वो मॉस ऑडियंस के लिए फिल्में बनाता था तो हम लोग मासी हीरो हैं। हां, मैंने एक बार साजन फिल्म की थी। बहुत अच्छी फिल्म थी और गाने भी अच्छे थी। एक और साजन कर लेंगे।' दरअसल, साल 1991 में आई संजय दत्त की फिल्म साजन एक सुपर हिट फिल्म साबित हुई थी। फिल्म के गाने भी बेहद हिट थे। फिल्म को मिली सफलता के बाद उसे अब दोबारा तेलुगू भाषा में 'अल्लारी प्रियुदु' के नाम से रिलीज की जाएगी। साउथ की फिल्मों में काम करने का उनका अनुभव के सवाल पर अभिनेता ने कहा कि, 'मैं नहीं जानता लेकिन दक्षिण की किसी फिल्म में काम करना मेरे लिए भी एक चुनौती है। नेगेटिव रोल में काफी कुछ करने को मिलता है। आप मार खाते हो, मारते हो। अपने जीवन में कई सारी फिल्में करने के बाद नेगेटिव रोल करने से संतुष्टि मिलती है, क्योंकि इसमें विविधता है।' संजय दत्त अभी हाल में रिलीज 'घुड़चढ़ी' में रवीना टंडन के साथ नजर आए थे।

## फिल्म 'एनिमल' से डिलीट किए गए सीन सोशल मीडिया पर वायरल



रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की चर्चा अभी भी कई वजहों से हो रही है। दिसंबर, 2023 में रिलीज हुई एनिमल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। अब इस फिल्म से हटाए गए सीन की वजह से फिल्म 'एनिमल' एक बार फिर चर्चा में है। फिल्म 'एनिमल' के डिलीट किए गए सीन इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। खास बात यह है कि इस दृश्य को देखने के बाद नेटिजन्स आश्चर्य व्यक्त करते पूछते नजर आ रहे हैं कि ये सीन फिल्म में क्यों नहीं लिए गए। सामने का सीन प्लेन का है। रणबीर कपूर और उनके साथी प्लेन में बैठे नजर आ रहे हैं। रणबीर कपूर नशे में धुत्त होकर पायलट के पास जाते हैं और पायलट के कंधे पर हाथ रखकर उसे उठने का इशारा करते हैं। उसके सभी साथी हैरान थे कि वह क्या कर रहा है। रणबीर ने पायलट को जगाया और उसकी जगह खुद विमान उड़ाया। इस बार रणबीर के मुंह में सिगरेट है और वह प्लेन उड़ा रहे हैं। इस सीन के बैकग्राउंड में पापा मेरी जान गाना बजता नजर आ रहा है। अब इस सीन को देखने के बाद एक नेटीजन ने संदीप रेड्डी वांगा को टैग किया और कहा, फिल्म से इस सीन को हटाने के लिए मैं आपको माफ नहीं करूंगा। भाई की हत्या के बाद रणबीर की चुप्पी और दर्द साफ झलक रहा है।

# पेरिस ओलंपिक : जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने जीता रजत पदक, पाकिस्तान के खाते में स्वर्ण




**पेरिसः** पेरिस ओलंपिक 2024 में जेवलिन में भारतीय थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। उन्होंने 89.45 मीटर का थ्रो फेंका। वहीं, पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर का थ्रो फेंककर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जबकि ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने कांस्य पदक जीता, जिन्होंने 88.54 मीटर दूरी तक थ्रो किया।

नीरज चोपड़ा का पहला प्रयास फाउल रहा था। हालांकि दूसरे प्रयास में नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर सिल्वर मेडल पोजीशन हासिल की थी। उसके बाद नीरज के शेष प्रयास फाउल रहे। ऐसे में सिर्फ एक सफल थ्रो के जरिए ही नीरज ने दूसरा स्थान हासिल किया। यह उनका सीजन का बेस्ट थ्रो है, इससे पहले उनका बेस्ट थ्रो ओलंपिक्स के क्वालीफिकेशन में आया था, जहां उन्होंने 89.34 मीटर की दूरी तय की थी।

पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए दूसरा थ्रो में ही 92.97 मीटर का लगाया। उन्होंने छठा और आखिरी थ्रो 91.79 मीटर का लगाया। इस तरह नदीम ने और स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान का 1992 बासीलोना ओलंपिक के बाद यह पहला ओलंपिक पदक है।

## पेरिस ओलंपिक : मैकलॉघलिन-लेवरोन ने विश्व रिकॉर्ड के साथ 400 मीटर बाधा दौड़ में जीता स्वर्ण




**पेरिसः** अमेरिकी खिलाड़ी सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरोन ने गुरुवार देर रात 400 मीटर बाधा दौड़ में 50.37 सेकंड का समय लेकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया और अपना ओलंपिक खिताब बरकरार रखा।

उन्होंने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि छठी बार अपना ही विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ दिया! उन्होंने 50.37 सेकंड में दौड़ पूरी की, और अपनी टीम की साथी, रजत पदक विजेता अन्ना कॉकरेल से 1.50 सेकंड आगे रहीं। डच महिला फेमके बोल ने कांस्य पदक जीता।

जीत के बाद मैकलॉघलिन-लेवरोन ने कहा, जरूर, आपके आस-पास ऐसे प्रतियोगी होंगे जो कड़ी मेहनत करेंगे, लेकिन चाल यह है कि आप अपनी नजर बाधाओं पर रखें और ध्यान केंद्रित रखें। मेरा लक्ष्य प्रत्येक बाधा को कुशलतापूर्वक पार करना और समय कम करना था।


## पेरिस ओलंपिक : सर्बिया को हराकर पुरुष बास्केटबॉल के फाइनल में पहुंचा अमेरिका



**पेरिसः** संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ने 17 अंक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए की कमी को शुक्रवार तड़के (भारतीय समयानुसार) सर्बिया को 95-91 से हराकर ओलंपिक पुरुष बास्केटबॉल के फाइनल में प्रवेश किया। एनबीए के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर लेब्रोन जेम्स के नेतृत्व वाली और लगातार पांचवें ओलंपिक खिताब की तलाश में लगी अमेरिकी टीम का सामना फाइनल में फ्रांस से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व कप चैंपियन जर्मनी को 73-69 से हराया। यूएसए के लिए गोल्डन स्टेट वॉरियर्स के स्टार स्टीफन करी ने 36 अंक बनाए और एनबीए स्कोरिंग लीडर लेब्रोन जेम्स ने 16 अंक, 12 रिबाउंड और 10 असिस्ट के साथ ट्रिपल-डबल बनाया। वहीं, तीन बार के एनबीए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर जोकिक ने सर्बिया के लिए 17 अंक और 11 असिस्ट के साथ समापन किया, जिन्होंने शानदार बोगदान बोगदानोविक से 20 अंक प्राप्त किए। सर्बिया को हराने के लिए यूएसए को चौथे क्वार्टर में बहुत प्रयास करना पड़ा। सर्बिया ने अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी और चौथे क्वार्टर में 76-63 से आगे हो गया, लेकिन इसके बाद केविन ड्यूरेंट और डेविन बुकर ने वापसी की शुरूआत करने के लिए बैक-टू-बैक थ्री-पॉइंटर्स लगाए। जोएल एम्बीड ने तीन-पॉइंट प्ले के साथ स्टेट्स को चार के भीतर ला दिया और जेम्स ने 3:41 मिनट शेष रहते स्कोर 84-84 से बराबर कर दिया।

## कल्कि 2898 एडी ने जवान को पछाड़ा, इस मामले में चौथी भारतीय फिल्म बनी



**कल्कि** 2898 एडी भारत की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म कल्कि 2898 एडी ने शाहरुख खान की फिल्म जवान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब फिल्म कल्कि 2898 एडी जवान को पछाड़ते हुए भारत की की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म कल्कि 2898 एडी ने भारत में नेट 640.60 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। कल्कि 2898 एडी ने फिल्म जवान का रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। जवान ने भारतीय बाजार में नेट 640.25 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कल्कि 2898 एडी से आगे इस लिस्ट में बाहुबली 2,केजीएफ 2 और आरआरआर शामिल है।

# एडिलेड टेस्ट से पहले भारत खेलेगा दो दिवसीय डे-नाइट अभ्यास मैच



**नई दिल्लीः** भारत, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले दो दिवसीय पिंक बॉल वार्म-अप मैच खेलेगा, जब उसका सामना कैनबरा में प्रधानमंत्री एकादश से होगा। यह फ्लडलाइट मैच 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच के अंतराल में खेला जाएगा।

पिछले दो सत्रों में प्रधानमंत्री एकादश के मैच में चार दिवसीय मुकाबला होता था, जिसमें 2022 में वेस्टइंडीज (जो भी डे-नाइट मैच था) और 2023 में पाकिस्तान शामिल है, जो परंपरागत रूप से सीमित ओवरों का मैच रहा है, लेकिन भारत के मैच को केवल दो दिनों का कर दिया गया है।

2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर, भारत ने एडिलेड में दिन-रात्रि टेस्ट आठ विकेट से गंवा दिया था, जब वे दूसरी पारी में अपने सबसे कम टेस्ट स्कोर 36 पर ढेर हो गए थे, लेकिन ब्रिस्बेन में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम ने 2-1 से श्रृंखला जीत ली थी।

उस अवसर पर एडिलेड चार मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट था - जो कोविड-19 सीमा बंद होने की चुनौतियों के बावजूद पूरा हुआ था - जबकि इस बार श्रृंखला पर्थ में शुरू होगी और इसमें पांच टेस्ट शामिल हैं।

कुल मिलाकर भारत ने सिर्फ चार दिन-रात्रि टेस्ट खेले हैं, जिसमें सबसे हालिया 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ खेला गया था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 12 (सभी घरेलू) मैच खेले हैं, जिसमें पिछले सीजन में ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज से आठ रन की हार शामिल है, जो गुलाबी गेंद के खिलाफ उनकी पहली हार थी।

हाल के सीजन में प्रधानमंत्री की एकादश एक मजबूत टीम रही है जो प्रभावी रूप से ऑस्ट्रेलिया ए टीम रही है। मैट रेनशॉ ने पिछले दो मैचों में विशेष रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें उन्होंने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमशः 81, 101 और नाबाद 136 रन बनाए हैं।

हालांकि, पिछले सीजन में मनुका ओवल की पिच की पाकिस्तान ने आलोचना की थी, क्योंकि यह बहुत धीमी और नीची थी और पर्थ में टेस्ट के लिए आदर्श तैयारी नहीं थी, हालांकि खराब मौसम ने ग्राउंडस्टाफ के लिए जीवन को मुश्किल बना दिया था। रात भर आए तूफान और कवर्स के फटने के बाद खेल का अंतिम दिन रद्द कर दिया गया।

भारत को 22 नवंबर को होने वाले पहले टेस्ट से पहले 15-18 नवंबर तक वाका में इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप करना है। वे न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे। भारत ए की एक टीम अक्टूबर के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी और मैके और मेलबर्न में दो चार दिवसीय मैच खेलेगी।

# राम मंदिर के बाद अक्षय कुमार ने हाजी अली दरगाह को दिया 1.21 करोड़ का दान





**बॉलीवुड** अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में मुंबई में हाजी अली दरगाह पर चादर चढ़ाई और दरगाह के नवीनीकरण के लिए 1.21 करोड़ रुपये का दान भी दिया। अक्षय गुरुवार को सुबह निर्देशक मुदस्सर अजीज के साथ मुंबई में हाजी अली दरगाह गए। इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपये का दान दिया था।

हाजी अली दरगाह ट्रस्ट और माहिम दरगाह ट्रस्ट के ट्रस्टी सुहैल खंडवानी ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से अक्षय कुमार की दरगाह यात्रा का एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने दान के लिए अक्षय को धन्यवाद भी दिया है। इस मौके पर दरगाह के ट्रस्टियों ने अक्षय कुमार के दिवंगत माता-पिता, मां अरुणा भाटिया और पिता हरिओम भाटिया के लिए प्रार्थना भी की।

अक्षय कुमार की हाजी अली दरगाह जाते हुए तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इससे पहले अक्षय ने मुंबई में जरूरतमंद लोगों के लिए खाना उपलब्ध कराया था। उन्होंने मुंबई में अपने घर के बाहर लोगों को खाना दान किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### जोगबनी से वंदे भारत ट्रेन चलाने की फारबिसगंज विधायक ने की मांग



**फारबिसगंज/अररिया :** भारत-नेपाल सीमा सटे जोगबनी से धर्मस्थलों के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग तेज होने लगी है। जोगबनी से अयोध्या, इलाहाबाद, बनारस आदि अन्य स्थानों के बीच वंदे भारत का संचालन की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी ने कहा भारत नेपाल सीमा को धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग को लेकर वे अररिया सांसद प्रदीप सिंह और रेल मंत्री के समक्ष रखेंगे. वही, उन्होंने ये भी कहा वर्षों पूर्व जोगबनी से इलाहाबाद के लिए प्रयाग एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होता था. जो बंद हो गया है. इसे फिर से शुरू किया जाये जिससे लोगों को धार्मिक स्थलों में जाने में सुविधा होगी।

### सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर के आवास में चोरी



**किशनगंज :** शहर के रुईधाशा वार्ड-23 स्थित शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त क्षेत्रीय शिक्षा उप निर्देशक चंद्रशेखर शर्मा के आवास में गुरुवार को चोरी की घटना घटी। उक्त मकान में सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर की बहन जूही कुमारी रहती है। घर से जेवरात व अन्य सामानों की चोरी की घटना घटी है। जिसमें 50 भरी सोने के जेवर, रिवाल्वर सहित अन्य सामानों की चोरी हुई। जूही कुमारी डुमरिया प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षिका है। शिक्षिका स्कूल गई हुई थी।स्कूल से जब शाम में वापस लौटी तब घर के पीछे की खिड़की का ग्रिल टूटा हुआ था।बदमाश घर का दीवाल छरप कर अंदर प्रवेश किये थे। इसके बाद उन्हें कुछ आशंका हुई। इसके बाद आलमीरा खोलकर देखा तो आलमीरा में जेवरात व अन्य सामानों की चोरी हुई। शिक्षिका जूही कुमारी के पुत्र ट्रेनी आईपीएस हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ गौतम कुमार व सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की छानबीन में जुट गए। वही पूर्णिया से डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया जा रहा है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है।

### आबकारी घोटाला : अदालत ने के कविता की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े सीबीआई के मामले में बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 21 अगस्त तक बढ़ा दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वो 14 अगस्त तक चार्जशीट के पेजों की नंबरिंग कर दे। उसके बाद चार्जशीट की प्रति आरोपितों के वकीलों को सौंपें। आज के कविता की सीबीआई के मामले में न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, इसलिए उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वाले लोगों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के कविता शामिल हैं। संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत दे चुकी है। आज ही सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जमानत दी है।



### भुंतर में 107 ग्राम हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार



**कुल्लू :** थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके हिरासत में ले लिया है। नशा तस्करी का मामला वीरवार बीती रात उस दौरान सामने आया जब पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि शाडाबाई में हेरोइन का अवैध कारोबार किया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शाडाबाई स्थित खेमराज के रिहायशी मकान में दबिश दी। जहां तीन व्यक्ति मौजूद थे। पुलिस ने तलाशी के दौरान 107 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की। पुलिस ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने खेम राज (34) निवासी गांव शाड़ाबाई डाकघर बजौरा तहसील भुन्तर जिला कुल्लू, प्रवेश कुमार (32) निवासी हाउस न० 103, गली न० 2, डाकघर मॉडल टाउन जिला लुधियाना (पंजाब) व भोला दत (42) पुत्र स्व0 रूप चंद निवासी गाँव व डाकघर शमशी तहसील भुन्तर जिला कुल्लू के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# स्कूली क्रूजर वैन पलटने से 24 छात्र घायल, तीन बच्चों की हालात नाजुक

**एजेंसी**

**जालौन :** जनपद के कदौरा में संचालित डिफोडिल विद्यालय की क्रूजर गाड़ी रोजना की तरह शुक्रवार को बच्चों को लेने गई थी। भेड़ी तथा बड़ागांव क्षेत्र से लगभग दो दर्जन स्कूली बच्चों को लेकर गाड़ी वापस स्कूल आ रही थी तभी बड़ा गांव के आगे पुलिया के पास पहुंचते ही क्रूजर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा पलटी। गाड़ी पटलते ही उसमें सवार छात्रों में चीख-पुकार मच गई। हादसा देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसमें सवार लगभग 24 स्कूली बच्चों को बाहर निकालते हुए पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। तीन बच्चों की हालत नाजुक देख उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया है। वहीं, इस हादसे के बाद चालक



मौके से फरार हो गया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि जिस स्कूल बस को बच्चों के लिए लाया जा रहा था उसकी फिटनेस भी सही नहीं थी। इस मामले में कालपी क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र पचौरी ने बताया कि स्कूली क्रूजर वैन दुर्घटना में कुछ बच्चे घायल हुए हैं, जिनमें तीन की हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बाकी की हालत सामान्य है। चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

### गड्ढे में पलटी बस, 13 स्कूली बच्चे घायल, चालक गिरफ्तार

**नवादा :** जिले के धमौल थाना के रेवार मोड़ के निकट शुक्रवार को बच्चों से भरी स्कूल बस सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई । जिससे 13 बच्चे घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है । धमाल के थाना प्रभारी हिमांशु कुमार पप्पू ने बताया कि बस निकटवर्ती जमुई जिले के केरला इंग्लिश स्कूल का था ,जो बच्चों को लेने नवादा जिले के धमाल थाना क्षेत्र के रेवार मोड़ के पास पहुंची थी ।संतुलन खो जाने के बाद बस गड्ढे में पलट गई । जिसमें 13 बच्चे घायल हो गए हैं ।घायलों को आम नागरिकों के सहयोग से अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बच्चों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है । चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। जिसे नागरिकों के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक जानम मलिक ने बताया कि अचानक संतुलन खोने के कारण बस पलट गई । घटना की सूचना स्कूल संचालक को भी दे दी गई है ताकि बच्चों के अभिभावक अस्पताल पहुंच कर बच्चों की देखरेख कर सकें।



### तिरंगे वाली लगाएं प्रोफाइल पिक्चर, हर घर तिरंगा डॉटकाम के साथ सेल्फी साझा करें : प्रधानमंत्री



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश के नागरिकों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तिरंगे वाली अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदलने का आग्रह किया है। उन्होंने खुद अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदल ली है। उसके स्थान पर तिरंगा (भारतीय ध्वज) लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर तिरंगा आंदोलन को एक यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए सभी से ऐसा करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी से तिरंगा के साथ सेल्फी साझा करने का भी आग्रह किया। एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, "इस साल स्वतंत्रता दिवस नजदीक आ रहा है, आइए हम फिर से एक यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदल रहा हूं और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसा कर-के हमारे तिरंगे को मनाने में मेरा साथ दें। और हां पर अपनी सेल्फी जरूर शेयर करें।

## नागपंचमी : खेरेपति मंदिर समेत शिवालयों में श्रद्धालुओं की लगी भीड़

**एजेंसी**

**कानपुर :** नाग देवता की पूजा करने को नगर में स्थित खेरेपति मंदिर नानाराव पार्क फूलबाग सहित शिवालयों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई है। सभी भक्त पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं। देवो के देव महादेव को दूध से अभिषेक करके पूजा अर्चना कर रहे हैं। जब मंदिर के गर्भगृह के द्वार भक्तों के लिए खोले गए तो बाहर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे और अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कानपुर नगर में स्थित खेरेपति मंदिर नानाराव पार्क फूलबाग, आनंदेश्वर, सिद्धेश्वर नाथ, भूतेश्वर नाथ, बनखंडेश्वर, थानेश्वर, कोतवालेश्वर, झगड़ेश्वर, भूतेश्वर महादेव समेत अन्य सभी शिवालयों में भोर से ही दूध से



अभिषेक करने के लिए भक्तों की लम्बी कतारें लग गई।

नाग पंचमी पर वैसे तो पूरे देश में नागों की पूजा की जा रही है लेकिन कानपुर में बाबा खेरेश्वर मंदिर में पूजा का विशेष विधान है। यहां पर आज के दिन इस मंदिर में नागों का श्रृंगार किया जाता है। इस दिन देश के कोने-कोने से सपेरे जहां अपने-अपने नागों को लेकर यहां मंदिर में आते हैं, वहीं इन नागों का दर्शन-पूजन कर भक्त भी अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं। इस दिन इस मंदिर में रात को नागों का विशेष तरीके श्रृंगार और पूजन किया जाता है। जिला प्रशासन ने वाहनों की आवाजाही की जांच के लिए मंदिर से लगभग 200 मीटर पहले बैरिकेड्स लगा दिए थे। सुरक्षा के मद्देनजर नगर के सभी शिव मंदिरों में भारी पुलिस बल एवं मंदिर प्रशासन के सेवादारों ने सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सभी शिव मंदिरों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। श्रावण माह के सबसे महत्वपूर्ण पर्व नागपंचमी को गंगा के सभी घाटों पर पुलिस बल, पीएसी, गोताखोर तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शिव मंदिरों एवं घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर गोपनीय सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय हैं।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हिंसा पर धार्मिक संगठनों ने जताई चिंता

**एजेंसी**

**काठमांडू:** नेपाल के कई धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अमानवीय कृत पर चिंता व्यक्त की है। इन संगठनों ने इस पर विश्व समुदाय की चुप्पी पर सवाल भी खडे किए हैं। हिन्दू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान ने काठमांडू में एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर गंभीर चिंता जताई। इस कार्यक्रम में करीब पचास से अधिक धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने इस मसले पर एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही नेपाल की




चुप्पी पर भी आश्चर्य जताया। हिन्दू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान के संयोजक गोपाल पराजुली ने कहा कि मानवाधिकार की रक्षा पर ढिंढोरा पिटने वाला अन्तरराष्ट्रीय समुदाय की इन घटनाओं पर चुप्पी आश्चर्यजनक है। भारत सरकार के अलावा किसी भी देश की सरकार या अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकारवादी संस्थाएं इस पर कुछ नहीं बोल रही है। हिन्दू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान ने शनिवार को काठमांडू के माईतीघर मंडला में बांग्लादेश की हिंसा में मारे गए हिन्दुओं के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है।

## भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री ममता ने स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 1942 के ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर इस आंदोलन को सलाम करते हुए इसे देश की स्वतंत्रता के अंतिम संघर्ष का आगाज बताया। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने लाखों वीर पुरुषों और महिलाओं को मातृभूमि के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया था, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मील का पत्थर साबित हुआ। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान और संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन भारत के




इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने देश को अंग्रेजों के शासन से मुक्ति दिलाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाई। भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है, महात्मा गांधी के नेतृत्व में नौ अगस्त 1942 को शुरू हुआ था। इस आंदोलन ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी थी और ब्रिटिश शासन के अंत की शुरूआत की थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने संदेश में उन सभी वीरों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने इस महान संघर्ष में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार शानदार मजबूती दिखाते हुए हरे निशान में बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिका बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 119.81 अंक यानी 2.30 प्रतिशत उछल कर 5,319.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 464.22 अंक यानी 2.87 प्रतिशत कि छलांग लगा कर 16,660.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र




के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,495.99 के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। हालांकि आखिरी सत्र में खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से यूरोपीय बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद होने में सफल रहे। एफटीएसई इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,144.97 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.26 प्रतिशत फिसल कर 7,247.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,680.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज चौतरफा तेजी का माहौल नजर आ रहा है।

एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। गिफ्ट निफ्टी 316.50 अंक यानी 1.31 प्रतिशत उछल कर 24,417 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,590.69 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 655.37 अंक यानी 3.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,525.47 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 299.60 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,191.43 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। निक्केई इंडेक्स में भी आज शानदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 359.05 अंक यानी 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 35,190.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत उछल कर 1,302.18 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,251.68 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,873.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन



**मेट्रो रेज**

**सिमडेगा :** आम जनमानस की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा, अजय कुमार सिंह ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त के जनता दरबार में स्वास्थ्य सहायता मुहैया कराने, कुश्ती प्लेयर ने आवश्यक सहायता मुहैया कराने एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

## मल्लिकार्जुन से मिले नमन विक्सल कोनगाड़ी, विस चुनाव पर की चर्चा



**नई दिल्ली/रांची :** कांगेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर झारखंड राज्य के वरिष्ठ नेताओं की एक विशेष बैठक हुई। बैठक में श्री खड़गे ने झारखंड राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी वरीय नेताओं से राज्य के गठबंधन सरकार की उपलब्धियों के बारे में पूछा और हमारी सरकार के काम काज का राज्य वासियों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने वाले वरीय नेताओं में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिस्ठ कांग्रेसी नेता फुरकान अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेस्वर महतो, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बालमुचू, कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी, रमा खलखो, गीताश्री उरांव, के एन त्रिपाठी सहित झारखंड के वरीय नेता शामिल थे।

## जेडीयू प्रदेश महासचिव ने की सरयू राय से मुलाकात, दी शुभकामनाएं



**रांची :** जेडीयू प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी एवं वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह ने विधायक सरयू राय से मुलाकात की और शुभकामनाएं दी। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। वहीं मुलाकात के बाद संतोष सोनी ने कहा कि पार्टी में विधायक सरयू राय के शामिल होने के बाद हम लोगों का यह पहली औपचारिक मुलाकात थी। मिलकर पार्टी में शामिल होने की शुभकामना देने के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर विधायक का आभार प्रकट किया एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

## लोको स्थित शिव मंदिर के पुजारी ने की विशेष पूजा-अर्चना और रूद्राभिषेक

**ज्योति पाठक**

**चक्रधरपुर :** लोको स्थित राम मंदिर प्रांगण में अवस्थित शिव मंदिर में मंदिर के पुजारी नित्यानन्द पाण्डे ने भोलेनाथ के दरबार में विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ रूद्राभिषेक भी किया। इस पूजा अर्चना में भगवान भोलेनाथ की विशेष आकर्षक, सजावट देखते ही बनी। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में काफी संख्या में भक्तजन और श्रद्धालुगण भी उपस्थित हुए। इस पूजा से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। पूजारी श्री पांडे द्वारा विधिवत श्लोक और मंत्रोचारण के साथ पूजा संपन्न करायी गयी। इस अवसर पर श्री पाण्डे ने कहा कि यूं तो राम मंदिर प्रांगण में सालों भर पूजा अर्चना की जाती है





, लेकिन सावन माह में पूजा अर्चना विशेष रूप से आयोजित होता है । श्रद्धालुओं की उपस्थिति भी काफी संख्या में रहती है। विदित हो कि लोको स्थित इस मंदिर प्रांगण में निरंतर रूद्राभिषेक और भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना आयोजित की जाती है इसमें लोगों की उपस्थिति भी काफी संख्या में रहती है।

## ट्रक से 40 क्विंटल डोडा बरामद

**मांडर :** नशे के सौदागरों के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मांडर थाना क्षेत्र के टोलप्लाजा के निकट से पुलिस ने बीआर 0-2 जीए 4481 नम्बर की एक ट्रक से 40 क्विंटल डोडा बरामद किया है। साथ ही मांडर पुलिस ने ट्रक के चालक प्रदीप कुमार यादव व खलासी गुड्डू कुमार यादव को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए दोनों लोग चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले है। पुलिस ने बताया कि एनसीबी को गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी के तरफ से एक ट्रक में नशीले पदार्थ ले जाया जा रहा है।

## नक्सली मार्टिन केरकेट्टा के घर और ससुराल में छापेमारी



**मेट्रो रेज**

**खूंटी :** जिला पुलिस ने पीएलएफआई के कुख्यात नक्सली मार्टिन केरकेट्टा के घर और ससुराल में छापेमारी की है। तलाशी के दौरान पुलिस ने कई सामान भी बरामद किए हैं। हालांकि मार्टिन केरकेट्टा पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। छापेमारी के बाद पुलिस ने मार्टिन केरकेट्टा के जीजा को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस जीजा से पूछताछ कर रही है। नक्सली मार्टिन केरकेट्टा पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।बता दें कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद कुख्यात नक्सली मार्टिन केरकेट्टा संगठन की कमान संभाल रहा है। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही है। दशकों तक सुप्रीमो दिनेश गोप के साथ रहने वाला कुख्यात पीएलएफआई नक्सली मार्टिन केरकेट्टा कभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया, लेकिन देर रात सूचना मिली कि वह अपने घर या ससुराल में है। सूचना के आधार पर तोरपा डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने गुमला जिले के रनिया और कामडारा पुलिस की टीम के साथ उसके चुआटोली स्थित घर और टांगराटोली स्थित ससुराल में छापेमारी की। घरों की तलाशी के दौरान पुलिस ने कई सामान बरामद किए। पुलिस ने पूछताछ के लिए नक्सली के जीजा को हिरासत में लिया है और उसके ठिकानों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

